हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

# ऑनलाइन साइट पर बटनदार चाकू से लेकर पंच, पिस्टल तक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ऑनलाइन साइट पर लोगों के साथ बदमाशों को अपनी हर जरूरत की चीज एक ही प्लेटफार्म पर मिल रही है। राजधानी में आए दिन होने वाली चाकूबाजी की घटना में इस्तेमाल ज्यादातर चाकू ऑनलाइन साइट से खरीदे जाने की बात सामने आई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एएसपी सिटी लखन पटले ने फ्लिपकार्ट, अमेजन सहित अन्य ऑनलाइन साइट को चाकू, पंच तथा पिस्टल की शक्ल में लाइटर मंगाने वालों की जानकारी उपलब्ध कराने पत्र जारी किया है।

हरिभूमि सरोकार

अपराधी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने चाकू सहित अन्य घातक किस्म के हथियार खरीदने सीधे दुकान जाने के बजाय ऑनलाइन आर्डर देकर मंगा रहे हैं। ऑनलाइन के माध्यम से चाकू सहित अन्य घातक हथियारों की लगातार डिलीवरी होने से पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अफसरों ने ऑनलाइन चाकू सहित अन्य घातक हथियार डिलीवरी करने वाले ऑनलाइन साइट को नोटिस जारी किया है। अफसरों ने संबंधित ऑनलाइन साइट जो अपने ग्राहकों को चाकू सहित अन्य हथियार ▸▸ शेष पेज 13 पर

## महज दो से पांच सौ रुपए की दर पर चाकू तथा अन्य औजार उपलब्ध

### कार्रवाई के बाद बंद हो गई थी डिलीवरी

पिछले वर्ष पुलिस ने ऑनलाइन चाकू मंगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर दो हजार से ज्यादा चाकू की जब्ती की थी। साथ ही पुलिस ने ऑनलाइन बिजनेस साइट को चाकू मंगाने वालों की जानकारी देने निर्देश दिए थे। इसके बाद फ्लिपकार्ट में ऑनलाइन चाकू की डिलीवरी बंद कर दी थी। कुछ माह के बाद फ्लिपकार्ट वापस ऑनलाइन चाकू का आर्डर लेना शुरू कर दिया।











### असली भी नकली लगे

बदमाशों के कब्जे से देशी कट्टा तथा पिस्टल जब्ती होना आम बात है। देशी कट्टा तथा पिस्टल मंगाने की स्थिति में मुखबिरी होने का डर रहता है, बदमाश कभी भी पकड़े जा सकते हैं। इसीलिए बदमाश असली की जगह पिस्टल की शक्ल में गैस लाइटर आर्डर कर मंगा रहे हैं। बदमाश लाइटर को पिस्टल बताकर धमकाने के साथ अपनी बिरादरी में खौफ पैदा करने का काम करते हैं।

फैक्ट फाइल

### अमेजन जानकारी देने से बच रहा

*एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक जिन ऑनलाइन कंपनियों को चाकू मंगाने वालों की जानकारी देने नोटिस जारी किया गया है, उनमें से ज्यादातर ऑनलाइन कंपनियों ने जानकारी साझा की है। अमेजन ने अब तक जानकारी साझा नहीं की है, इस वजह से पिछले दिनों अमेजन के तीन गोदाम तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई की गई। अफसर के अनुसार चाकू मंगाने वालों की जानकारी नहीं देने वाली ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

### अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी

*ऑनलाइन कंपनी से लोग घरेलू उपयोग करने के लिए किचन चाकू मंगाते हैं, इसके साथ ही कई ऐसे अपराधिक तत्व के लोग हैं, जो अपराध करने के उद्देश्य से ऑनलाइन चाकू मंगा रहे हैं, उनकी पहचान की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।*

*- लखन पटले
एएसपी सिटी*

## खबर संक्षेप

### राजधानी में कोकीन खपाने वाला युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** हिमाचल प्रदेश से कोकीन (एमडीएमए) लाकर बेचने के आरोप में पुलिस ने डीडीनगर के रहने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लाख रुपए कीमत की कोकीन जब्त की है। ड्रग रैकेट के तीन साथियों को पुलिस ने तीन दिन पूर्व टिकरापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोकीन बेचने के आरोप में आर्यन ठाकरे को गिरफ्तार किया गया है। आर्यन के साथी शुभम सोनी, अभिषेक साहू तथा लोकेश अग्रवाल को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आर्यन का हिमाचल प्रदेश के ड्रग पैडलरों के साथ सीधा संपर्क था। आर्यन, शुभम तथा अभिषेक के साथ मिलकर ड्रग बेचने के काम में लिप्त था। पुलिस के अनुसार ड्रग लाने का काम आर्यन करता था।

### बैट, स्टंप से हमला तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में गाड़ी तेज चलाने से मना करने पर नाराज दो युवक तथा उसके एक नाबालिग साथी ने युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक विकास वर्मा की शिकायत पर कृष्ण कुमार सिंह, अजीत कुमार गुप्ता तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। विकास ने अजीत तथा उसके साथियों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से मना किया। इससे नाराज होकर बदमाशों ने विकास की बैट, स्टंप से पिटाई की।

### भाजपा प्रवक्ता की कार का एक्सीडेंट

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव की कार से एक बाइक सवार टकराकर घायल हो गया। घटना के बारे में संजय ने जानकारी देते हुए बताया कि वह किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस आने उन्होंने अपनी कार मंगाई। फुंडहर चौक सिग्नल के पास कार खड़ी थी, इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए आया और कार को पीछे से ठोकर मार दी। बाइक को कार से ठोकर लगने पर युवक के सिर पर चोटें आई हैं, उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चाकू से जानलेवा हमला, दो नाबालिग संप्रेक्षण गृह दाखिल

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद पर लड़ रहे दो पक्षों में बीच बचाव करने गए लड़कों पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तर कर बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया है। पवित्र यादव ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार को वह अपने दोस्तों के पास खड़ा था। इसी दौरान मैदान पर कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। इस बीच आयुष निहाल तथा उसका दोस्च बीच बचाव करने गए। बदमाशों ने आयुष तथा उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। पवित्र उनके बीच विवाद सुलझाने गया, तो बदमाशों ने पवित्र पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

## गड़बड़ियों की जांच पूरी, रिपोर्ट शासन को भेजी गई

# नए मास्टर प्लान में आबादी के हिसाब से सड़क होनी थी चौड़ी, पर हुआ उल्टा, 28 की चौड़ाई घटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शासन के निर्देश पर मास्टर प्लान 2031 को तैयार करने में हुई गड़बड़ियों की जांच पूरी हो चुकी है। इस जांच में वर्ष 2021 तक लागू मास्टर प्लान में शामिल 76 सड़कों में भी भारी गड़बड़ी की गई है। 2011 में वर्ष 2021 की जनसंख्या का आकलन करते हुए बनाया गया, मास्टर प्लान 2021 में नई सड़कों के अलावा 76 सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने और घटाने संबंधी कार्यों को शामिल किया गया था।

इसके तहत कौन सी सड़क कितनी चौड़ी और कौन सी सड़क की चौड़ाई कम किया जाना है, इसका पूरा उल्लेख मास्टर प्लान में है, लेकिन मास्टर प्लान 2021 में प्रस्तावित ज्यादातर सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने-घटाने के कार्य नहीं हो पाए। इसके कारण इन सड़कों को मास्टर प्लान 2031 में दोबारा शामिल किया गया है, लेकिन इनमें 28 से ज्यादा सड़कों की चौड़ाई ही कम कर दी गई है, जबकि भविष्य में जनसंख्या बढ़ने से ट्रैफिक समस्या से लोगों को बचाने के उद्देश्य से इन सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने का प्लान तैयार किया गया था।

### नक्शा के आधार पर बना दिया गया मास्टर प्लान

गौरतलब है कि मास्टर प्लान 2031 को कांग्रेस शासन काल में भविष्य में लोगों की जरूरत और सुविधाओं को देखते हुए ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट के आधार पर बनाया गया है। यह पूरा प्लान नक्शा के आधार पर बनाया गया है, जिसका टेंडर निजी एजेंसी को दिया गया था। एजेंसी ने निरीक्षण या सर्वे किया बिना नक्शा के आधार पर ही मास्टर प्लान तैयार कर दिया है, जिसके कारण इसमें कई तरह की गड़बड़ियों के अलावा खामियां भी पाई गई हैं।



### 6 बिंदुओं पर की गई जांच

पूर्व कांग्रेस शासन काल में राजधानी रायपुर के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर ने वर्ष 2031 के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसे लागू भी कर दिया गया है, लेकिन इसमें थोक में गड़बड़ियां पाई गई हैं। यह गड़बड़ी शासन स्तर पर बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट में सामने आ रही है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों के अनुसार 6 बिंदुओं पर जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। इसमें शिकायत, सड़क, तालाब, लैंड यूज एवं असंगत-अकार्यक्षम भूमि का उपयोग शामिल है। प्रारंभिक जांच में इन सभी बिंदुओं पर गड़बड़ी पाई गई थी, जिसके आधार पर इन बिंदुओं पर कमेटी ने बारिकी से जांच की है। जांच पूरी हो चुकी है और इसकी रिपोर्ट ▸▸ शेष पेज 13 पर

### कमेटी ने इस गड़बड़ी की भी जांच की है

*मास्टर प्लान 2021 के अनुसार कई पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना था। इन सड़कों पर काम नहीं होने पर दोबारा नए मास्टर प्लान में शामिल किया गया है, लेकिन इनमें कई सड़कों की चौड़ाई कम कर दी गई है। कमेटी ने इस गड़बड़ी की भी जांच की है।*

*- **विनीत नायर**, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर*

**केस: 1** टिकरापारा आरआर क्र.1 से प्रारंभ होकर तेलीबांधा होते हुए एमआर क्र.-3 को पार करते हुए आमानाका चौक में एमआर क्र-53 एवं एमआर क्र.14 के संगम स्थल तक सड़क वर्ष 2011 में 18-30 मीटर थी। इसे घटाकर 18-24 कर दिया गया है।


**केस: 2** दलदलसिवनी में एमआर क्र.10 से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर बलौदाबाजार मार्ग 30 मीटर से घटाकर 24 मीटर, दलदलसिवनी में एमआर क्र.10 से दक्षिण दिशा में एमआर क्र.23 तक सड़क भी 30 से घटाकर 24 कर दी गई है।

**केस: 3** रायपुर नगर निगम, लाखेनगर चौक में एमआर क्र.-3 एवं 14 के संगम स्थल से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर एमआर क्र:12 तक सड़क 30 मीटर से घटाकर 18 कर दी गई है।

**केस: 4** कोटा मार्ग में एमआर क्र-13 से प्रारंभ होकर चिरहुलडीह होते हुए रायपुर में तेलघानी नाका के समीप एमआर क्र:6 तक सड़क 30 मीटर से 24 मीटर कर दी गई है।

**केस: 5** रायपुर नगर निगम में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चिरहुललडीह में रेलवे लाइन पार कर एमआर क्र-13अ तक सड़क 18 मीटर से घटाकर 12 मीटर कर दी गई है।

## आज शाम शहर में जल आपूर्ति रहेगी ठप, विद्युत सुधार का होगा काम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर में गुरुवार शाम नलों से जल आपूर्ति ठप रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी 33 केवी विस्तार एवं आवश्यक सुधार कार्य के लिए शटडाउन ले रहा है। इसके कारण जल आपूर्ति प्रभावित होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी लाइन विस्तार और आवश्यक सुधार कार्य के लिए फिल्टर प्लांट फीडर में 26 सितंबर को केव्ही इंटेकवेल आउटगोइंग और 11 केवी फिल्टर प्लांट फीडर में विद्युत प्रवाह सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा। इसके कारण 47.5 एमएलडी प्लांट, 80 एमएलडी पुराना प्लांट और 80 एमएलडी के नए प्लांट सहित 150 एमएलडी क्षमता से भरने वाली सभी पानी टंकियों में गुरुवार को सुबह जल प्रदाय होने के बाद शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव ने बताया कि शुक्रवार सुबह शहर में लोगों को नलों से नियमित रूप से पानी मिलने लगेगा।

### 45 पानी टंकियों से आपूर्ति प्रभावित

26 सितंबर को विद्युत प्रवाह 4 घंटे बंद होने के कारण शहर की सभी 45 नई व पुरानी पानी टंकियों में जलभराव नहीं होगा। इस कारण इन टंकियों से शाम के समय नियमित जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा बिजली मरम्मत का कार्य होने से सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक इंटेकवेल और 11 केवी फिल्टर प्लांट फीडर में बिजली बंद रहेगी।

## स्काई वॉक का ठेकेदार टर्मिनेट, नई एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पीडब्ल्यूडी ने राजधानी के शास्त्री चौक पर स्काईवॉक बनाने वाले ठेकेदार जीएस एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड को टर्मिनेट कर दिया है। इसके साथ ही अधूरे निर्माण को पूरा कराने के लिए नए सिरे से एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू की है। स्काईवाक को 77 करोड़ में पूरा करने का ठेका हुआ था। पुराने ठेकेदार को करीब 46 करोड़ का भुगतान हो चुका है। लोक निर्माण विभाग का बचे हुए 31 करोड़ की राशि का टेडर जारी कराने पर जोर है। यह टेंडर फाइनल होने पर ही पता लगेगा कि स्काईवाक के निर्माण का कितना हिस्सा ठीक है।

- तकनीकी स्वीकृति जारी करने ब्रिज डिवीजन ने भेजा 31 करोड़ के टेंडर का प्रस्ताव

सात साल पहले भाजपा सरकार द्वारा स्काईवाक निर्माण शुरू हुआ था। ब्रिज डिवीजन के अनुसार 2015-16 में यह टेंडर जीएस एक्सप्रेस को लगभग 40 करोड़ में दिया गया था, बाद में शासन स्तर से यह बढ़कर 77 करोड़ कर दिया गया था। विभाग ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नए सिरे से टेंडर पर सवाल

कार्यपालन अभियंता ने जिस तरह नए सिरे से टेंडर करने का तरीका अपनाया है, वही निर्माण के रास्ते में बड़ा रोड़ा बनेगा। वहीं पुराने ठेकेदार ने विभाग के कहने पर यह काम रोका था, उसने स्वयं काम नहीं रोका। उसके द्वारा निर्माण कार्य को पूरा कराने मटेरियल खरीदी कर लिया गया था। पिछले छह साल से निर्माण कार्य न होने से उसका सामान खराब हो गया। यहां सवाल यह उठता है कि उसके सामान की भरपाई कौन करेगा। विभाग के अफसरों के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उनका कहना है कि पुराने ठेकेदार को टर्मिनेट कर नए सिरे से स्काईवॉक का टेंडर होगा।

### 2016-17 में शुरू हुआ था काम

तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने रायपुर शहर को एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर शास्त्री चौक से मेकाहारा के बीच राहगीरों के पैदल आने-जाने के लिए इसका निर्माण करने की बात कही थी। काम की शुरुआत भी 2016-17 के दरम्यान हुई। बाद में सरकार चले जाने के बाद इसका काम नहीं हो पाया। कांग्रेस सरकार ने इसका काम रोक दिया, तब से अधूरा पड़ा है। भाजपा सरकार दोबारा आने पर इसका निर्माण पूरा कराने पर सहमति बनी है।

घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र की

## बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बदमाश पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं, बदमाशों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वो अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर किसी के साथ भी मारपीट करने लगे हैं। टिकरपारा थाना क्षेत्र में अज्ञात चार बदमाशों ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान को उसके बेटे के सामने बेदम पीटा और मौके से फरार हो गए। जवान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी करने में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक मूलतः कोंडागांव निवासी इंद्रजीत निर्मलकर ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंद्रजीत ने पुलिस को बताया है कि वह 20वीं वाहिनी महासमुंद में आरक्षक के पद पर तैनात है। रायपुर में वह कमांडेंट के सेक्यूरिटी में तैनात है। इंद्रजीत के अनुसार मंगलवार देर शाम वह अपने बेटे को ट्यूशन से लेकर लौट रहा था। इस दौरान संतोषी नगर शुभम मार्ट के पास चार लड़के रांग साइड पैदल जा रहे थे। इंद्रजीत ने साइड मांगने बाइक का हार्न बजाया, तो एक बदमाश हार्न की अवाज सुनाई नहीं देने की बात कहते हुए जवान के साथ गाली-गलौज करने लगा।

### ...कहा हम भी पुलिसकर्मी तू हमारा क्या बिगाड़ लेगा

इंद्रजीत ने पुलिस को बताया है कि बदमाश उसके साथ गाली-गलौज करने लगे, तो उसने इसका विरोध करते हुए अपना परिचय दिया। इस पर बदमाशों ने जवान को धमकाते हुए कहा कि तू सशस्त्र बल का जवान है, तो क्या हुआ हम भी पुलिस जवान हैं। इसके बाद इंद्रजीत की बदमाशों ने उसके बच्चे के सामने ही बुरी तरह से पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए।

## शेयर ट्रेंडिंग के नाम पर आठ लाख की ठगी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पेशे से इलेक्ट्रिशियन तथा शेयर कारोबारी ने शेयर ट्रेडिंग के नाम से सात लाख 90 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिग अकील अहमद ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अकील ने पुलिस को बताया है कि उसे लिंक से मैसेज भेज एक ग्रुप में जोड़ा गया और अमरिकन जो अमेरिकन फाइनेंशियल कंपनी से संबद्ध है, उस कंपनी में रुपए निवेश कराने के बाद अब रकम देने इनकार कर ठगी की है।

## छाए बादलों ने तेज धूप से दिलाई राहत, खंड वर्षा के हालात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से राजधानी में बादल छाए रहे, जिससे तेज धूप से राहत मिली। बादलों की वजह से सुबह से लेकर दोपहर तक खंड वर्षा की स्थिति बनी रही। दलदल सिवनी, सिविल लाइन इलाके में कुछ देर तक तेज बारिश होती रही। टिकरापारा, जेल रोड में कुछ देर तक बूंदाबांदी होती रही, मगर अन्य स्थानों पर सूखा रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण बस्तर के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके साथ कोंकण से छत्तीसगढ़ होते हुए बांग्लादेश तक एक द्रोणिका बनी है। इसके असर से प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहे, मगर वर्षा सीमित स्थानों पर ही हुई। आंकड़ों के अनुसार ▸▸ शेष पेज 13 पर



## तिरुपति प्रसाद मामला, बाजार में बिकने वाले लड्डू और वनस्पति घी जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट के बाद प्रदेश में उपयोग किए जाने वाले वनस्पति घी और लड्डुओं को जांच के दायरे में रखा गया है। त्योहार के पहले प्रदेशभर से इनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसके साथ गणेशोत्सव में भगवान को चढ़ाए गए लड्डुओं के साथ मोदक सहित अन्य मिठाइयों के सैंपल की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक तिरुपति में प्रसाद बनाने जिस घी का इस्तेमाल किया जाता है, उसकी सप्लाई छत्तीसगढ़ में नहीं होती। यहां गिनती की ब्रांडेड और आधा दर्जन स्थानीय कंपनियों द्वारा घी की सप्लाई की जाती है। मगर एहतियात के तौर पर नियमित रूप से जांच की जाती है। त्योहार में ज्यादातर लोग वनस्पति घी का उपयोग विभिन्न पकवान बनाने के लिए करते हैं।

हरिभूमि सरोकार

गणेशोत्सव के दौरान गणपति को प्रसाद के रूप में बड़ी मात्रा में लड्डू के साथ मोदक और अन्य मिठाइयां चढ़ाई गई हैं। इनकी शुद्धता परखने के लिए गणेशोत्सव के दौरान रायपुर सहित प्रदेशभर से मोदक के साथ, बेसन, मोतीचूर, बूंदी के लड्डू के साथ प्रसाद के रूप में उपयोग किए गए अन्य मिष्ठान के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसके साथ त्योहार के पहले वनस्पति घी में भी मिलावट को रोकने के लिए जांच शुरू की गई है। बीते बीस दिनों में राज्य के थोक के साथ चिल्हर कारोबार करने वाले व्यापारिक संस्थानों से वनस्पति घी के सैंपल लेकर उसे ▸▸ शेष पेज 13 पर



- त्योहार के पहले सक्रिय हुआ खाद्य एवं औषधि प्रशासन, प्रदेशभर से सैंपल
- गणेशोत्सव में खपाए गए लड्डुओं के साथ मोदक सहित अन्य मिठाई की जांच

### लड्डू, मोदक के 41, वनस्पति घी के 46 सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रायपुर के नौ होटलों समेत 11 जिलों के मिष्ठान भंडारों से लड्डू के साथ मोदक और बेसन से बने अन्य मिष्ठान के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए कालीबाड़ी स्थित प्रयोगशाला भेजा है। इसी तरह रायपुर के थोक एवं किराना बाजार सहित अन्य स्थानों से वनस्पति घी के 46 सैंपल जांच के लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दायरे को और बढ़ाया जाएगा और आने वाले दिनो में अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाएंगे।

### मंदिरों में जांच के फिलहाल आदेश नहीं

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक चंदन कुमार ने बताया कि डोंगरगढ़ में स्थानीय टीम द्वारा एहतियात के तौर पर प्रसाद की जांच की गई थी। प्रदेश के मंदिरों में भोग अथवा प्रसाद की जांच के लिए विभागीय स्तर पर किसी तरह का आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम अपनी नियमित जांच प्रक्रिया के तहत त्योहर को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और संदेह के आधार पर सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मेडिकल वेस्ट सड़क पर फेंकना पड़ेगा महंगा, होगा जुर्माना




**रायपुर।** शहर की सड़कों पर मेडिकल वेस्ट फेंकना अब हास्पिटल वालों को महंगा पड़ेगा। सड़क किनारे इधर-उधर मेडिकल वेस्ट डालने वाले हास्पिटल पर नगर निगम शिकंजा कसेगा। ऐसा करते पाए जाने पर जोन अधिकारी संबंधित हास्पिटल पर तगड़ा जुर्माना लगा सकते हैं। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मेडिकल वेस्ट सड़क किनारे फैलाने वालों पर नजर रखें। साथ ही ऐसा करने वाले संबंधित हास्पिटलों पर जुर्माना करने के निर्देश भी उन्होंने दिये।

### नगरीय निकायों की समीक्षा आज-कल

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव राज्य के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे 26 सितम्बर को मंत्रालय में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों तथा नगर निगमों के आयुक्तों और नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वे अगले दिन 27 सितम्बर को रायपुर के नवीन विश्राम भवन में सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### मंत्रि मंडलीय उपसमिति की बैठक 30 को

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में 30 सितम्बर को आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक आगमी 30 सितम्बर को आयोजित की जा रही है। बैठक दोपहर 12 बजे से मंत्रालय महानदी भवन स्थित कक्ष क्रमांक एस-2-12 में होगी।

# सवा पांच सौ अहातों में आधे से ज्यादा बंद, किसी ने फीस नहीं दी, कोई ब्लैक लिस्टेड, अब फिर होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग ने देशी-अंग्रेजी शराब दुकानों के परिसर के पास अहातों का लाइसेंस देकर सौ करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने का प्रयास किया था, इसके लिए विभाग ने राज्यभर की शराब दुकानों के आसपास सवा पांच सौ से अधिक अहातों के लिए लाइसेंस जारी किए थे, लेकिन इनमें से आधे से अधिक अहाते बंद हो गए हैं। बताया गया कि अहाता लाइसेंस लेने वाले बहुत से लोगों ने फीस अदा नहीं की या ब्लैक लिस्टेड हो गए। अब करीब 261 अहातों को फिर से नीलाम (रीटेंडरिंग) किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त कार्यालय ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में स्थित देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों के लिए अनुज्ञप्ति का लाइसेस वर्ष 2024-25 की शेष अवधि 15 अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए ऑनलाइन निविदा की जाएगी। आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने इस प्रक्रिया के संबंध में बताया है कि पूर्व में अहातों के लिए जो लाइसेंस जारी किए गए थे, उनमें से जिन अहातों का संचालन नहीं हो रहा है, ऐसे अहातों की री-टेंडरिंग की जा रही है।

## 15 अक्टूबर से 31 मार्च के लिए मिलेगा लाइसेंस



### इन शर्तों पर मिलेगा लाइसेंस

आबकारी विभाग ने शेष अहातों के संचालन के लिए नया टेंडर जारी किया है। इसके लिए हर जिले के अहातों के लिए लाइसेंस फीस तय की गई है। लाइसेंस लेने के लिए प्रतिभूति धन राशि और और पहले माह की लाइसेंस फीस, और बैंक गारंटी जमा करनी होगी। शर्तों में ये बात शामिल है कि अहाता संबंधित शराब दुकान से संलग्न होगा। अहाता का कवर्ड एरिया 150 वर्ग फीट होना चाहिए। अहाता बंद परिसर में संचालित होगा। अहाता परिसर में स्वच्छता और स्वास्थ्य रक्षा का पूरा ध्यान लाइसेंसधारी को रखना होगा। अहाते में स्नेक्स की बिक्री होगी। अहाता एयर कूल्ड या एयर कंडीशन होगा। वहां पार्किंग की व्यवस्था के साथ शौचालय और एग्जास्ट फैन, अलग से बिजली मीटर, फर्नीचर और अग्निशमन की व्यवस्था करनी होगी। अहाता के संचालन के लिए स्थान, एवं समस्त व्यवस्थाएं खुद लाइसेंसधारी को करनी होगी। वहां किसी प्रकार से भी ध्वनि विस्तारक यंत्र, गाना, नाचना, कोलाहल मचाना या गलत व्यवहार नहीं किया जा सकेगा।

### सवा पांच सौ से अधिक अहाते हुए थे शुरू

आबकारी विभाग ने अहातों के माध्यम से करीब सौ करोड़ रुपयों का राजस्व जुटाने के इरादे से इसी साल मार्च में अहातों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु की थी। प्रक्रिया के पहले दौर में जगदलपुर, नारायणपुर, व कोरिया जिले को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों की देशी और अंग्रेजी शराब दुकानों के लिए करीब सवा 5 सौ अहातों की नीलामी ऑनलाइन माध्यम से की गई थी।

## मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक सहित भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल

# 'मोर बूथ-मोर अभियान के तहत हर बूथ में 100 नए सदस्य बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर मोर बूथ-मोर अभियान कार्यक्रम में अपने सदस्यता अभियान में बड़ी छलांग लगाई है। पार्टी ने तय किया था कि इस दिन प्रत्येक बूथ पर 100 नए भाजपा सदस्य बनाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के सभी मतदान केंद्रों पर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसद, कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने 100 नए सदस्य का लक्ष्य हासिल किया।

छत्तीसगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान में सहभागिता दी। निर्धारित अवधि में प्रदेश भाजपा सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करेगी। अभियान के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बगिया के बूथ में उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जगदलपुर विधानसभा के आसना बूथ में रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोरमी विधानसभा क्षेत्र के तुलसा घाट में रहे। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कवर्धा शहर मंडल के बूथ में रहकर लोगों को सदस्यता दिलाई। बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी कोण्डागांव के बूथ क्रमांक 2 में उपस्थित रहीं।



### बगिया में मुख्यमंत्री ने कहा सदस्यता अभियान अभूतपूर्व

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने गृहग्राम बगिया में मोर बूथ-मोर अभियान सदस्यता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, पार्टी के निर्देश पर सबसे पहले अपने बूथ में 100 सदस्यों को जोड़ने वे अपने गांव आए हैं। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सबको अपने-अपने बूथ में 100 सदस्य बनाना है। श्री साय ने भाजपा सदस्यता अभियान को प्रदेश में मिले अभूतपूर्व समर्थन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

**किरण देव आसना बूथ में रहे मौजूद :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मोर बूथ मोर अभियान के तहत जगदलपुर विधानसभा के ग्राम आसना तामाकोनी पारा में प्रत्येक मतदान केंद्र में सौ नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के तहत मौजूद रहे। भाजपा के नए सदस्य बनाए जिनमें महिलायें, युवा, वरिष्ठ नागरिक सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भारतीय जनता पार्टी की नई सदस्यता ग्रहण की।

### 31 तक चलेगा अभियान

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि प्रदेश के सभी मंत्रियों तथा सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एक-एक बूथ पर जाकर सदस्यता का बड़ा टारगेट पूरा किया। निर्धारित अवधि में सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करने, ज्यादा-से-ज्यादा प्रदेशवासियों को भाजपा की विचाधारा से जोड़ने, गली-गली और घर-घर पहुंचकर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने जुटे रहें। विदित रहे, 2 अक्टूबर तक लगातार भाजपा का यह अभियान जारी रहेगा, उसके बाद 15 अक्टूबर तक सार्वजनिक कार्यक्रम रखकर भी भाजपा के सदस्य बनाए जाएंगे। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा।

शोक संदेश



पूज्य माताजी (वंदना ग्रुप की चेयरपरसन)
श्रीमती गंगा देवी अग्रवाल जी
(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री निरंजनलाल जी अग्रवाल)
का बैकुंठवास
सोमवार, दिनांक 23.09.2024 को हो गया है।
बैठक- 26 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक
दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक
निवास स्थान : 'नीर गंगा', वीआईपी स्ट्रीट
(होटल ग्रैण्ड इम्पीरियल वाली गली)
वीआईपी रोड, रायपुर (छ.ग.)

श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म
शुक्रवार, दिनांक 4 अक्टूबर 2024, सायं 4 बजे
स्थान : रॉयल कोर्ट हॉल, होटल बेबीलॉन इन्टरनेशनल
वीआईपी रोड, रायपुर (छ.ग.)

शोकाकुल: चतुर्भुज अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल एवं अशोक अग्रवाल (पुत्र), सुमित्रा देवी, सावित्री देवी (पुत्री), नवीन, विवेक, विजित, प्रतीक, प्रथम, वरुण, वंश (पौत्र) एवं समस्त उमरवासिया परिवार

VANDANAA VISION BEYOND TOMORROW
• वन्दना ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
• श्री रामस्वरूप दास निरंजनलाल धर्मशाला
• गंगा डायग्नोस्टिक एवं मेडिकल सेंटर

पंचम पुण्यतिथि

जन्म 04-05-1960



निर्वाण 26-09-2019

स्व. श्री ओमप्रकाश पुजारी

" यादें उनकी दिल में बसाए रखते हैं, आँखों में आंसू छुपाए रखते हैं।
गुजर गए वो इस जहां से लेकिन, हम हर पल उन्हें याद किए रहते हैं।।"

हमारे परमप्रिय प्रेरणास्पद स्व. श्री ओमप्रकाश पुजारी जी को उनकी पंचम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित आदरांजली।
आपके सानिध्य में व्यतीत प्रत्येक पलों को अपनी मधुर समृतियों में संजोकर हम सभी आपकी दिव्यात्मा की शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से पुण्य प्रार्थना करते हैं।
आप भगवान जगन्नाथ जी के श्री चरणों में निवास करें।

-: श्रद्धावनत् :-

श्रीमती प्रतिमा ओमप्रकाश पुजारी (अर्धांगिनी)
तोरण प्रकाश पुजारी (भाई)
धर्मेंद्र प्रकाश पुजारी (भाई)
राशि - नीतीश कौशिक (पुत्री-दामाद)
आयुशी-अंजिनेश शुक्ला (उच्च न्यायालय अधिवक्ता) (पुत्री-दामाद)
त्रयाक्ष कौशिक (नाती), आधिरायन शंकर शुक्ला (नाती)

विनीत : समस्त पुजारी परिवार, रायपुर (छ.ग.)

## निधन

### विजय सिंह ठाकुर



रायपुर। गुढ़ियारी निवासी विजय सिंह ठाकुर का 24 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे उज्ज्वल राजपूत और हेमंत राजपूत के पिता थे।

### पी. भानुमती नायर



रायपुर। भिलाई के हुडको निवासी पी. भानुमती नायर (90) का 23 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए निकलेगी। वे लीला, पद्मा, अंबिका, विनोद नायर, विमल नायर की माता थीं।

### देवजानी ठाकुर



रायपुर। सुंदर नगर निवासी देवजानी ठाकुर (85) का 25 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 सितंबर को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रदीप, प्रमोद, प्रवीण और निर्मल सिंह ठाकुर की माता थीं।

### डा. भगवत प्रसाद सिंह



रायपुर। कृषक नगर जोरा, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी डा. भगवत प्रसाद सिंह (83) का 25 सितंबर को निधन हो गया। वे उषा सिंह और आशा सिंह के पिता और अजय प्रताप सिंह के नाना थे।

### सत्तूलाल सोनकर



रायपुर। कुशालपुर निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी सत्तू लाल सोनकर (71) का 25 सितंबर को निधन हो गया। वे शैलेन्द्र, वीरेन्द्र के पिता थे।

# शहर में लगातार वारदात से नाराज आईजी ने कहा- अफसर एसी से निकलें, फील्ड में काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में एक सप्ताह के भीतर तीन हत्या, आधा दर्जन से ज्यादा चाकूबाजी, लूट, मारपीट की घटना से नाराज आईजी अमरेश मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में आईजी वर्तमान पुलिसिंग कार्यप्रणाली से खफा नजर आए। आईजी ने शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की। गौरतलब है कि 16 सितंबर को मरीन ड्राइव के सामने युवती की दिन दहाड़े गला रेतकर हत्या करने की घटना के दो दिन बाद देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गणेश विसर्जन की रात युवक की चाकू गोदकर हत्या की घटना हुई थी। इन दो हत्या की जांच कंपलीट भी नही हो पाई थी कि मरीन ड्राइव में अंबिकापुर कलेक्टोरेट में पेशे से ड्राइवर ईश्वर रजवाड़े की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। इसके साथ ही आधा दर्जन चाकूबाजी, लूट तथा मारपीट की घटना हुई है।

## आईजी ने अपराध रोकने अफसरों को जिम्मेदारी तय करने दिए निर्देश

### सफाई देने पर नाराज हुए अफसर

गौरतलब है कि आईजी सर्किल स्तर पर अपराधों की जानकारी ले रहे थे, इस दौरान एक अफसर अपराध घटित होने के बाद अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर सफाई देने लगे। इससे आईजी ने नाराज होते हुए सफाई देने के बजाय अफसर को अपराध रोकने ध्यान देने की बात कही।




### बदमाशों को थाना तलब कर चेतावनी

बैठक में आईजी ने बदमाशों को उनके प्रोफाइल के हिसाब से लगातार थाने में तलब कर उन्हें अपराध से दूर रहने चेतावनी देने के साथ ही बदमाशों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नए गुंडे बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ आईजी ने कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

### एसी से निकलकर फील्ड में काम करें अफसर

आईजी ने पुलिस अफसरों को एसी कमरे से बाहर निकलकर फील्ड में काम करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रात के समय गश्त पाइंट पर पहुंचकर पुलिस अफसरों को औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। त्योहारी सीजन में अपराध रोकने अफसर ने पुलिस अफसरों को कार्ययोजना बनाने निर्देश दिए हैं।

### कार्यप्रणाली में चुस्ती के साथ सख्ती के निर्देश

आईजी ने बैठक में पुलिस अफसरों को अपनी कार्यप्रणाली में चुस्ती लाने के साथ गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए। साथ ही गुंडे बदमाशों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। साथ ही गुंडे बदमाशों की किसी भी निचले स्तर के पुलिसकर्मियों के साथ संलिप्तता पाए जाने पर पुलिसकर्मी के खिलाफ अफसर ने विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# दलदल सिवनी और सेजबहार में बनेगी नई लाइब्रेरी, शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर इलाके में स्थित दलदल सिवनी और सेजबहार क्षेत्र में नगर निगम जिला प्रशासन के सहयोग से 2 नई लाइब्रेरी बनवाएगा। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। नगर निगम इन स्थलों पर लाइब्रेरी भवन बनाने सरकारी जमीन तलाश रहा है, ताकि आसपास के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें अपना कॅरियर बनाने में आसानी हो।

- नगर निगम लाइब्रेरी के लिए तलाश रहा सरकारी जमीन

राजधानी के जीई रोड में एनआईटी के पास नालंदा परिसर और मोतीबाग चौक के पास तक्षशिला लाइब्रेरी के बाद अब आउटर के इलाके में 2 लाइब्रेरी का प्रस्ताव बनाया गया है। इनमें दलदल सिवनी, मोवा, सड्डू, पंडरी और विधानसभा की ओर विकसित कालोनी में रहने वाले युवाओं के लिए मोवा के आगे दलदल सिवनी में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह टिकरापारा, पचेपड़ीनाका, अमलीडीह, राजेन्द्र नगर सहित आसपास की कालोनियों में रहने वाले युवाओं के लिए सेजबहार के पास लाइब्रेरी बनाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए सरकारी जमीन की तलाश की जा रही है।

- आउटर इलाके के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में होगी आसानी



### नालंदा लाइब्रेरी में 2600 मेंबर 2 हजार आवेदक वेटिंग में

नालंदा लाइब्रेरी में वर्तमान में 2600 युवा इसके सदस्य के रूप में जुड़े हुये हैं, जो मेंबरशिप लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने अपनी सुविधा अनुसार पहुंचते हैं, जबकि 2 हजार युवा ऐसे भी हैं, जिन्होंने सदस्य बनने अपना अपना आवेदन दे रखा है, पर सीट भरने के कारण उनका नाम प्रतीक्षा सूची में है।

### प्रपोजल बनाकर स्वीकृति के लिए भेजा है

शहर के आउटर क्षेत्र में 2 नई लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद संबंधित क्षेत्र में जगह चयनित कर इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम रायपुर*

### नालंदा फेज 2 की तैयारी आयुक्त ने स्थल निरीक्षण किया

युवाओं में नालंदा परिसर के बढ़ते क्रेज और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखकर नालंदा फेज 2 ट्विन टावर बनाई जायेगी, यह बिल्डिंग 3 माले की होगी। नालंदा परिसर के पीछे खाली पड़ी जगह या सामने हिस्से की खाली जगह को इसके लिए प्रस्तावित किया गया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इसके लिए अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया है। सूत्रों के मुताबिक जिला प्रशासन ट्विन टावर बिल्डिंग के लिए तैयार है। नालंदा फेज 2 के प्रस्तावित 3 माले की बिल्डिंग के बेसमेंट में 500 बाइक की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

# विसर्जन कुंड का गंदा पानी खाली करने लगाए 4 बड़े पंप

## 24 घंटे बाहर निकाल रहे काला पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गये विसर्जन कुंड में 4 बड़े मोटर पंप लगाकर लबालब भरे काला और केमिकल युक्त गंदा पानी को बाहर खींचकर निकालने का काम शुरू हो गया है। यह काम 4 दिनों तक लगातार 24 घंटे चलेगा। जोन 8 कमिश्नरी ने मिशन मोड में यह काम हाथ में लिया है। विसर्जन कुंड से मूर्तियों के अवशेष क्रेन व गोताखोरों की सहायता से बाहर निकालने के बाद दूषित पानी को बाहर निकाला जा रहा है।

- नगर निगम ने मिशन मोड पर शुरू किया काम
- 4 दिन में होगा कुंड खाली, चेंबर के जरिये दूषित पानी चंदनीडीह के एसटीपी में जा रहा

नवरात्रि से पूर्व विसर्जन कुंड की सफाई को लेकर निगम प्रशासन अब अलर्ट मोड में है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर जोन 8 कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता की टीम ने महादेवघाट के पास स्थित विसर्जन कुंड में जमा गंदा पानी को बाहर निकालने 1 मड पंप, 2 ट्रैक्टर वाला हैवी पंप और 1 बड़े आकार का डीजल पंप लगाकर पानी खींचने का काम शुरू कराया है। लगातार 24 घंटे यह काम 4 दिनों तक चलेगा।

कुंड खाली कर बाहर निकाले जा रहे काले रंग का गंदा पानी नदी में मिलकर दूषित ना हो, इसके लिए कुंड के पीछे वाले हिस्से में नाली बनाई गई है। वहां से यह गंदा पानी चेंबर के माध्यम से चंदनीडीह स्थित एसटीपी में पहुंच रहा है, जहां इसे उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाकर नदी में वापस छोड़ा जाएगा।

### नवरात्रि से पहले कुंड की सफाई, दोबारा साफ पानी भरेंगे

दस दिनों तक चले गणेश विसर्जन के बाद विसर्जन कुंड की सफाई कराई जा रही है। नवरात्रि से पहले कुंड को चकाचक कर इसमें दोबारा साफ पानी भरा जाएगा। इसके साथ ही विसर्जन के बाद कुंड से बाहर निकाले गये ढांचों के ढेर सहित अन्य सामग्री को विक्रय करने जोन 8 ने टेंडर किया है। जल्द ही इसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी।

## पेज 11 के शेष ...

### ऑनलाइन साइट पर ....

जिसमें पिस्टल के आकार में लाइटर भी शामिल है, उनकी सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

***कीमत इतनी कि हर बदमाश खरीद सकता है :*** ऑनलाइन साइट पर मिलने वाले अलग-अलग किस्म के जिसमें बटनदार चाकू भी शामिल हैं, महज दो से तीन सौ रुपए में उपलब्ध है। लाइटर पिस्टल की कीमत पांच सौ से दो हजार रुपए में उपलब्ध है। कीमत कम होने की वजह से भी बदमाश ऑनलाइन प्लेटफार्म से चाकू मंगा रहे हैं। पंच की कीमत ऑनलाइन में महज डेढ़ से दो सौ रुपए है।

### 6 बिंदुओं पर ....

शासन को भी भेज दी गई है। कमेटी की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन भी हो चुका है, जिस पर निर्णय लिया जाना अभी बाकी है।

### स्काई वॉक का ...

द्वारा निर्माण में रोक लगने से पहले तक के भुगतान के बाद शेष 31 करोड़ रुपए पर ही टेंडर जारी करने की तकनीकी स्वीकृति का एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने प्रमुख अभियंता को भेजा।

इसी आधार पर नए सिरे से टेंडर जारी करने का प्रयास जारी है। बताया गया है कि अब तक हुए निर्माण कार्य का पूरा आकलन किया जा रहा है।

### तिरुपति प्रसाद मामला, ....

जांच के लिए भेजा जा रहा है। अफसरों का कहना है कि सैंपलों में अगर मिलावट की पुष्टि होती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छाए बादलों ने ...

पिछले चौबीस घंटे में बरमकेला में सर्वाधिक 9 सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा राज्य के उत्तरी हिस्से में वर्षा की गतिविधि नजर आई। बुधवार को दिनभर राजधानी में बादल छाए रहे, जिसकी वजह से तेज धूप से लोगों को राहत मिली। बादल काफी गहरे थे, जिसे देखकर इसके अच्छा-खासा बरसने की गुंजाइश थी, मगर ऐसा नहीं हुआ। दोपहर तक शहर में कहीं बारिश तो कहीं सूखा की स्थिति बनी रही। बादल की वजह से तेज गर्मी से तो राहत मिली, मगर मौजूद नमी की वजह से उमस की समस्या बनी रही।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है, वहीं मौसम के कारण एक दो इलाकों में वज्रपात होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

# खम्हारडीह में बनेगी नई टंकी पानी की समस्या होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह सहित आसपास के कालोनी के रहवासियों को अब पानी की किल्लत से परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर निगम इस इलाके में 23 करोड़ की लागत से नई पानी टंकी का निर्माण करायेगा। इसमें नई पानी टंकी तक राइजिंग लाइन बिछाने, लोगों के घरों में नल कनेक्शन देने डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही जल वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए स्काडा सिस्टम लगेगा। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के रहवासियों की पेयजल समस्या दूर करने खम्हारडीह क्षेत्र में 20 लाख किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा। अधोसंरचना मद नई पानी टंकी निमाण सहित अन्य कार्यो के लिए 23 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित कर सामान्य सभा में मंजूरी के लिए भेजा है। 3 अक्टूबर को गांधी सदन में आयोजित नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में यह एजेंडा चर्चा के लिए लाया जा रहा है। सामान्य सभा से इसकी मंजूरी मिलने के बाद इस प्रस्ताव को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

- सामान्य सभा में मंजूरी के लिए रखा जाएगा प्रस्ताव



## बिजनेस साइट

### अमित सेल्स को वोल्टास द्वारा हाइएस्ट सेल्स-रिटेलर अवार्ड से सम्मानित

रायपुर। होम अप्लायंसेस और फर्नीचर के क्षेत्र में ग्राहकों के बीच अपनी अमिट पहचान बना चुके अमित सेल्स, फाफाडीह, को हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। लंदन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में वोल्टास कंपनी के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप बक्शी ने अमित सेल्स के डायरेक्टर अमित बग्गा को हाइएस्ट सेल्स - रिटेलर अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य से दिया गया। अमित सेल्स ने पिछले कुछ वर्षों में होम अप्लायंसेस और फर्नीचर की बिक्री के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जिसके चलते उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ है।




### सिडबी की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न

रायपुर। सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल ने सदस्यों को संबोधित किया और सिडबी के वित्त वर्ष 2024 के वित्तीय और परिचालनगत कार्य निष्पादन की जानकारी दी। तुलनपत्र के आकार, आय और निवल लाभ की दृष्टि से सिडबी ने उक्त वर्ष में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बैंक रू. 5 लाख करोड़ के तुलनपत्र के महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर गया। श्री मित्तल ने कहा, ''सिडबी में, हम एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती और गहराई प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और बैंक के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वित्त परिचालनों ने इस क्षेत्र के लिए ऋण प्रवाह को काफी बढ़ावा दिया है।''



### लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की 30वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

रायपुर। लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. रायपुर की 30 वीं वार्षिक आमसभा मिलेनियम प्लाजा काम्पलेक्स जी.ई. रोड रायपुर स्थित बैंक परिसर में आयोजित की गई। बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने वर्ष 1994 में बड़े संघर्ष एवं अथक परिश्रम से कुछ महिलाओं को साथ लेकर 15 लाख रु. की अल्प पूंजी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की इस प्रथम महिला नागरिक सहकारी बैंक की स्थापना की, जो आज बढ़ते हुए लगभग 16,000 सदस्यों तक पहुँच गई है। बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल के अथक प्रयासों से ही संभव हो सकी है। उस समय जब महिलाओं का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल होता था ऐसे समय में श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने कुछ महिलाओं को साथ लेकर गली, मोहल्ला व घर-घर जाकर लोगो से संपर्क कर लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की स्थापना के अपने संकल्प को पूरा किया।



### स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर। स्वच्छता ही सेवा के विषय- वस्तु में दिनाक 21.09.2024 को अग्रिण बैंक कार्यालय के प्रबंधक सिराज हाईट द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे क्लास 1 से लेकर क्लास 10th तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में अग्रिम बैंक के प्रबंधंक सिराज हाईट ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व को बताया एवं स्वच्छता ही सेवा के भाव को अपने जीवन के दिनचर्याओं में उतारने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट कलाकृति को अग्रिण बैंक कार्यालय द्वारा पुरिस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में अग्रिण बैंक के प्रबंधक सिराज हाईट, स्टाफ निमेश कुमार, हरीश कुमार पंड्या, विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती जोली साहू, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुजाता भटाचार्य एवं विभिन्न शिक्षकगण उपस्थिति थे ।



### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

रायपुर। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 सितंबर को होने जा रही है। इस बैठक में प्रमुख रूप से शैक्षणिक वर्ष में स्कूलों से संबंधित योजनाएं, कार्यों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खेती को बढ़ावा देने संबंधित कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा विधायक गुरू खुशवंत साहेब, मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साहू एवं अनुज शर्मा भी शामिल होंगे।

**न्यायालय - श्रीमती पल्लवी तिवारी द्वितीय अतिरिक्त मोटरदुर्घटना दावा अधिकरण, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**नोटिस -**

प्रोसेस नं. 373/2024
मो.दु.दा.प्र.क्र. 10/2023
आदेश दिनांक 09/09/2024
पेशी दिनांक-21/10/2024

कविता साहू वगैरह......... आवेदकगण
बनाम
पियूष झा वगैरह.......... अनावेदकगण

प्रति,
1. पियूष झा पिता संजय झा, उम्र-40 वर्ष,
2. पराग झा, पिता संजय झा, उम्र-27 वर्ष, दोनों निवासी- सडडू, अंबूजा मॉल के पीछे, थाना मोवा पंडरी, जिला रायपुर (छ.ग.)

इस अधिकरण में आवेदकगण द्वारा मृतक दिलीप कुमार साहू, पिता धरमलाल साहू, उम्र-31 वर्ष, साकिन-ग्राम दर्री, थाना पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. की दुर्घटना स्थल रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे ग्राम बेमता, थाना तिल्दा में अनावेदक क्र. 1 पियूष झा, पिता संजय झा, उम्र-40 वर्ष के द्वारा चालित जीप वाहन क्र0 CG 04 MR 7775 को लापरवाही पूर्वक चलाने से दिनांक 18/09/2022 को दुर्घटना होने पर इस न्यायालय के समक्ष दुर्घटना दावा प्रकरण संचालित किया गया है। जिसमें मौजूदा प्रकरण दिनांक 21/10/2024 को अनावेदक क्र. 1 एवं 2 की उपस्थिति के लिये नियत किया गया है तथा अनावेदक क्र0 1 एवं 2 की उपस्थिति दर्ज कराना निश्चित की गई है।

अत: अनावेदक क्र0 1. पियूष झा पिता संजय झा, उम्र-40 वर्ष, एवं अनावेदक क्र. 2 पराग झा, पिता संजय झा, उम्र-27 वर्ष, दोनों निवासी सडडू, अंबूजा मॉल के पीछे, थाना मोवा पंडरी, जिला रायपुर (छ.ग.) को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/10/2024 को इस न्यायालय के समक्ष स्वत: या अपने मान्य अधिवक्ता जिन्हे सम्यक उद्देश्य दिये गये हो के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे और प्रकरण की कार्यवाही में भाग ले अन्यथा आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर आपके विरूद्ध प्रकरण का निराकरण करते हुए एकपक्षीय कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी।

नोट: - यदि किसी कारण वश दिनांक 21-10-2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

यह आज दिनांक 24-09-2024 को मेरे हस्तांक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक- 24/09/2024

(श्रीमती पल्लवी तिवारी)
द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2448 दिनांक 26.06.2015 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट, प्रथम तल - 12/109, को श्रीमती शकुन्तला साहू पति श्री राजेश कुमार साहू के नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10/06/2016 को सेलडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती शकुन्तला साहू पति श्री राजेश कुमार साहू, निवासीः- दर्रा, धमतरी तहसील व जिला - धमतरी (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री कनिष्क देव नारायण पिता श्री देव नारायण यादव, निवासीः- ए पी कॉलोनी निकट पावर ग्रिड पोस्ट व थाना रामपुर, गया, बिहार, पिन नं. 823001, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, प्रथम-तल- 12/109, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18
तहसील व जिला रायपुर

**आम सूचना**

जारी दिनांक 23.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदिका मुनमुन सुतार पति अमित कुमार निवासी कुम्हारी दुर्ग द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 3/15 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-12 वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 07/10/2024 को समय 04:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति

**अग्रसेन महाविद्यालय में प्रवेश के अवसर...**

12 वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को बधाई

जैसा कि आप सभी को विदित है,
शासन के नवीनतम निर्णय से प्रवेश तिथि बढ़ा दी गई है ।

**बी.काम. :-** विश्वविद्यालय से इस वर्ष अतिरिक्त सीटे मिलने से प्रवेश हेतु सीटे उपलब्ध है।

**बीए जेएमसी :-** उभरता हुआ सबसे सरल पाठ्यक्रम न विज्ञान की भांति कठिन और न गणित की भांति जटिल न वाणिज्य में लेखा में कठिनाईयां, बढ़ती मिडिया टीवी, मोबाइल, सोशल मिडिया आदि में रोजगार की अनेक संभावनाए है । अन्य विषयों से आकर प्रवेश लेने वाले छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अच्छे पदों पर कार्यरत है। महाविद्यालय से उत्तीर्ण लगभग सभी छात्र नौकरी में तथा राष्ट्रीय पत्रकारिता में भी योगदान दे रहे है । एक उच्च स्तरीय आडियो विडियो लेब वाला इस क्षेत्र का एक मात्र महाविद्यालय, देर से प्रवेशित छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का प्रावधानो सहित ।

**अन्य पाठ्यक्रमः-** हमारे अन्य पाठ्यक्रम योगा, एमएसडब्लू, एमजे, एमबीए (मिडिया मैनेजमेंट), एम.काम., पीजीडीसीए आदि पाठ्यक्रमों भी प्रवेश जारी है ।

Khanna

जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अपेक्स बैंक की नवीन शाखा खोलने का मिला लाइसेंस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) की 25 वी वार्षिक आमसभा बुधवार को हुई। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा (आईएएस) द्वारा बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करते हुए कहा कि, अपेक्स बैंक की अंशपूजी 218.13 करोड़, निधियां (रिजर्व) 640.48 करोड़, ऋण एवं अमानत राशि 8440.88 करोड़, स्वयं की निधियां 429.27 करोड़ है। इस वर्ष अपेक्स बैंक 36.32 करोड़ लाभार्जन किया। उन्होंने कहा कि, रिजर्व बैंक से अपेक्स बैंक की तमनार तथा बगीचा में नवीन शाखा खोलने की अनुमति मिल गया।

### अनियमित संगठनों को सदस्य बनाने सांसद बघेल ने सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** बीजेपी घोषणापत्र मोदी गारंटी में सभी संगठनों के दो-दो पदाधिकारी को अनियमित कमेटी (बारीक कमेटी) में सदस्य बनाने का वादा किया गया है। बारीक कमेटी के गठन को हुए 5 माह होने जा रहे हैं, परंतु इस दिशा में कोई भी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। अधिकारियों की अनदेखी से भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है। दैनिक श्रमिक मोर्चा ने इस संबंध में भाजपा सांसद विजय बघेल एवं तत्कालीन संयोजक घोषणापत्र समिति भाजपा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने सांसद श्री बघेल को अवगत कराया कि अनियमित कर्मचारियों में 18 अलग-अलग प्रकार के कर्मचारी हैं। इनमें सभी का नियमितीकरण स्थाईकरण संभव नहीं है।

### रोहिणीपुरम तालाब परिसर में चलाया सफाई अभियान



**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने गत दिनों को रोहिणीपुरम तालाब परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान संस्था के 40 से ज्यादा सदस्यों ने 4 घंटे तक परिसर की सफाई की। ये अभियान आगामी कुछ हफ्तों तक लगातार जारी रहेगा।

### सिविल लाइन में चलाया सदस्यता अभियान



**रायपुर।** बीजेपी का महासदस्यता अभियान में बुधवार को बूथ नंबर 18 सिविल लाइन वार्ड रायपुर दक्षिण विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील सोनी, जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, डा. एनडी गजवानी, बॉबी खनूजा, तोषण साहू, खिलेश्वरी यादव, सुनीता तिवारी, मानसी साहू उपस्थित थे।

# बीएससी नर्सिंग की 5368 सीटें बाकी, दूसरे राउंड में 240 अभ्यार्थियों को मिला आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के साथ बीएससी नर्सिंग के एडमिशन के पहले राउंड के बाद 5368 सीटें बाकी है और दूसरे राउंड में 240 अभ्यार्थी को सीटें आवंटित की गई है। 27 सितंबर तक कुछ एडमिशन के बाद बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने की आशंका है। बीएससी के साथ एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की सीटों का भी कुछ ऐसा ही हाल है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पहले राउंड की काउंसिलिंग पूरी होने के बाद दूसरे दौर के लिए बीएससी नर्सिंग के साथ अन्य पाठ्यक्रमों की बाकी बची सीटों के लिए आवंटन सूची जारी की है। सूची में शामिल अभ्यार्थियों को 27 सितंबर तक एडमिशन देने का वक्त दिया गया है। पिछली बार ही तरह इस बार भी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक से प्रवेश के नियम की वजह से बड़ी संख्या में बीएससी की सीटें खाली पड़ी है। राज्य में बीएससी की 7221 सीटों के लिए 4026 लोगों की पहली आवंटन सूची जारी की गई थी। इनमें 2263 लोगों के प्रवेश लिया जिसके बाद शासकीय कालेज की 126 और निजी कालेजों में 5242 सीटें खाली रह गई थी।

सरकारी और प्रायवेट कालेज मिलाकर खाली सीटों की संख्या 5368 है जिसके लिए पात्र अभ्यार्थियों की संख्या 240 है जिसमें से आधे से भी कम लोगों द्वारा प्रवेश लिए जाने की संभावना है। इसके बाद मॉपअप राउंड में नया पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिसमें न्यूनतम अंक के नियम में संशोधन किए जाने की संभावना है।

## 27 तक एडमिशन, बड़ी संख्या में खाली रहेंगी सीटें

### एमएससी में 210, पोस्टबेसिक में 114

इसी तरह एमएमसी नर्सिंग के दूसरे राउंड के लिए 210 लोगों को सीटों का आवंटन किया है और रिक्त सीट 640 है। पोस्ट बेसिक नर्सिंग के 114 लोगों को सीट अलॉट हुई है और पहले राउंड के बाद 390 सीट खाली है। इनमें शासकीय कालेजों में एडमिशन तो पूरी होने की संभावना है मगर निजी कालेजों की सीट बड़ी संख्या में खाली रहने के आसार है।



एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग का भी ऐसा ही हाल

### नियम बदला तो राहत

सूत्रों के मुताबिक बीएससी नर्सिंग की सीटों में एडमिशन के लिए बड़ा पेंच प्रवेश परीक्षा में 50 फीसदी न्यूनतम अंक का होता है। इस बार भी खाली सीटों में प्रवेश के लिए नियम में बदलाव किया जाता है, तो 80 से 90 फीसदी सीटें भर जाएगी। व्यापमं द्वारा इसके लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 13463 अभ्यार्थी सफल हुए थे।

## प्रपोज एक्सेप्ट नहीं करने पर

# डिप्टी कमिश्नर के बेटे ने किया छात्रा का अश्लील फोटो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिजनों की शिकायत पर टिकरापारा थाना में अपराध दर्ज

टिकरापारा थाना में एक छात्रा के परिजनों ने एक डिप्टी कमिश्नर के बेटे के खिलाफ अपनी बेटी का अश्लील फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि स्कूल में पढ़ने वाली उसकी बेटी को उसी स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने प्रपोज किया, जिस पर छात्रा ने उसे फटकार लगाई। इस बात से नाराज होकर छात्र ने उनकी बेटी का अश्लील फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। छात्रा के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक छात्रा के मामा ने अश्लील फोटो वायरल करने की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा के मामा ने पुलिस को बताया है कि छात्र ने उनकी भांजी का फोटो जुलाई में सोशल मीडिया में वायरल किया है। छात्र ने छात्रा को प्रपोज किया, जिसे छात्रा ने एक्सेप्ट नहीं किया। इसके बाद छात्र ने उक्त छात्रा की ग्रुप फोटो में से फोटो हासिल कर एडिट किया, उसके बाद उसे सोशल मीडिया में वायकल कर दिया। छात्रा के परिजनों ने छात्र के खिलाफ कार्रवाई करने एसएसपी संतोष सिंह से भी मुलाकार की है। घटना के बाद छात्र के माता-पिता ने छात्रा के परिजनों ने लिखित में माफी भी मांगी है। साथ ही अपने बेटे को साइको बताया है।

## कमीशन बढ़ाने पर अटका मामला

# राशन दुकान संचालकों की खाद्य विभाग से हुई चर्चा, 5 मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय राशन दुकान संचालकों के साथ खाद्य संचालनालय के अफसरों की बैठक में 6 सूत्रीय मांगों में से 5 पर सहमति बनी है। दुकान संचालकों के कमीशन बढ़ाने को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। खाद्य विभाग के संचालक द्वारा बुलाई गई बैठक में विभाग की ओर से अपर संचालक राजीव जायसवाल ने राशन दुकान संचालकों की मांगों के संबंध में चर्चा करने के बाद कहा, पांच मांगों पर विभाग की ओर से पहल की जाएगी। उन्होंने कहा, खाद्य विभाग के सचिव से चर्चा करने के बाद संघ को सूचना दी जाएगी। बैठक के बाद शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने कहा, विभाग द्वारा लिखित में दिए जाने के बाद अपनी हड़ताल पर जाने के मामले में फैसला लेंगे।

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष देवर्श भाई सपारिया ने बताया कि खादय़ संचालनालय द्वारा बुलाई गई बैठक में संघ के पदाधिकारी और दुकानदार मौजूद रहे। उनकी छह सुत्रीय मांगों को लेकर को लेकर चर्चा की गई। इन मांगों में दुकानों में लगाए गए ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए। बार-बार खराब होने और सुधार की व्यवस्था नहीं होने से वितरण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। विभाग की ओर से इसके संबंध में सुधार कराने पर सहमति बनी है।

उन्होंने 2 प्रतिशत क्षतिपूर्ति की मांग भी रखी। वहीं विगत पांच माह से राशन आबंटन में अनियमितता का मामले को सुधारने का आश्वासन दिया गया। कोरोना काल में दुकान दारों से जमा कराई गई राशि अब तक वापस नहीं किए जाने का मामला चर्चा में आया। मामले में सचिव से चर्चा करने के बाद निर्णय लेने की बात कही गई।

## खाद्य सचिव से चर्चा के बाद एक-दो दिन में राशन दुकान संचालकों के संघ को किया जाएगा सूचित



### 20 साल से नहीं बढ़ा कमीशन

छत्तीसगढ़ में राशनदुकान संचालकों का का कमीशन पिछले 20 साल से नहीं बढ़ाने का मामला भी चर्चा में आया। दुकानदारों को बारदाना की राशि, मार्जिन राशि , ई-पॉस मार्जिन और वित्तीय पोषण की राशि समय पर नहीं दी जाती। संचालकों ने कमीशन की राशि बढ़ाकर 250 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग रखी। साथ ही सहकारिता समूह के विक्रेता को 30 हजार रुपए मासिक मानदेय और बीमा की सुविधा मुहैया कराने की मांग रखी गई। मामले में अपसरों ने कोई आश्वासन नहीं दिया। यह कहा कि सचिव से चर्चा के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### शासन के रुख का इंतजार

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ खाद्य विभाग के द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद लिखित में दिए जाने पर 1 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के 15000 राशन दुकानें बंद करने पर निर्णय लेंगे। अब दो दिन शासन के रुख का इंतजार करेंगे।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक

खाद्य विभाग के परामर्श दात्री समिति की एक बैठक भी हुई। बैठक में खाद्य निरीक्षकों के द्वारा उठाए गए मामलों पर चर्चा की गई। उनके द्वारा उठाए गए मामलों को लेकर कोई सहमति नहीं बनी है, लेकिन विचार का आश्वासन दिया गया है। बताया गया है कि खाद्य निरीक्षकों ने राशन दुकानों के घोषणा पत्र गायब करने और बचत राशन सामाग्री के संबंध में घोषणा पत्र गायब करने के मामले सहित वसूली न करने के मामले में मैदानी अमले को जिम्मेदार ठहराने का विरोध कर रहे हैं। खाद्य निरीक्षक के संघ ने 1 अक्टूबर को सामूहिक हड़ताल पर जाने का निर्णन लिया है।

# एम्स मंदिर में पुजारी की नौकरी लगाने का झांसा देकर 11 लाख की ठगी



- ठगी के आरोप में एक महिला और उसकी बेटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स अस्पताल परिसर स्थित मंदिर में पुजारी की सरकारी नौकरी तथा हर महीने 90 हजार रुपए वेतन मिलने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया है। जालसाज मां-बेटी ने पुजारी से नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी की है। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के अनुसार अजीत कुमार मिश्रा की शिकायत पर पूनम निहाल तथा उसकी बेटी संजना को गिरफ्तार किया है। अजीत ने पुलिस को बताया है कि वह मोहबाबाजार स्थित गौरीशंकर मंदिर में पिछले 15 वर्षों से पूजा कर रहा है। पूनम तथा उसकी बेटी वर्ष 2020 से गौरीशंकर मंदिर में पूजा करने आ रहे हैं। इस दौरान उनकी अजीत के साथ अच्छी जान पहचान हो गई।

इस दौरान संजना ने अजीत को झांसा देते हुए कहा कि उसकी मां एम्स में नर्सिंग अफसर है, उनकी अफसरों के साथ अच्छी जान पहचान है। अजीत के मुताबिक इस तरह से झांसा देकर मां-बेटी ने उसे एम्स अस्पताल के मंदिर में पुजारी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने पुजारी को एम्स में ज्वाइनिंग लेटर का फार्म भी दिया था।

# कल सामूहिक अवकाश पर रहेंगे शिक्षक, कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के साथ करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- आंदोलन में शामिल होने आवेदन देकर सामूहिक अवकाश लिया

छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस आंदोलन में शामिल होने अब शिक्षक भी आवेदन देकर सामूहिक अवकाश ले रहे हैं। हड़ताल के लिए शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अवकाश का आवेदन दिया है। केन्द्र के समान 4 फीसदी डीए और लंबित एरियर्स, चार स्तरीय क्रमोन्नत वेतनमान, अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, महामंत्री छोटेलाल साहू ने बताया कि संगठन से जुड़े सभी शिक्षक संगठनों ने छुट्टी के लिए आवेदन दिया है। साथ ही महासंघ के अलावा संयुक्त शिक्षक महासंघ के जुड़े अन्य शिक्षक संगठन के शिक्षक भी सामूहिक अवकाश ले रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने कहा है , लंबे समय से हम अपनी मांग सरकार के सामने रख रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर कोई निर्णय नहीं होने से प्रदेश भर के अधिकारियों व कर्मचारियों और शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है।

मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लिया जाएगा।

### हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएंगे

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि फेडरेशन के आह्वान पर राज्य कर्मचारियों के चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर 27 सितंबर को राज्य के लाखों कर्मचारी, अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। फेडरेशन के हड़ताल की तैयारी को लेकर राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट, सिंचाई, शिक्षा, पीएचई, संस्कृति, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, लोकनिर्माण, सहित विभिन्न कार्यालयों मे पहुंचकर कर्मचारियों को हड़ताल के लिए आवेदन भरवाया गया। सभी ने आगामी हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाए जाने का निर्णय लिया।

# लोहारडीह कांड पर बिफरा साहू समाज, गृहमंत्री का पुतला फूंका



- समाज के लोगों के साथ लगातार घटना पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एसपी को बर्खास्त करने की मांग

कबीरधाम जिले के लोहारडीह गांव में पुलिस प्रताड़ना से युवक प्रशांत साहू की मौत तथा साहू समाज के लोगों को प्रताड़ित किये जाने के विरोध में साहू समाज ने राजधानी में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और प्रदेश के गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही एसपी अभिषेक पल्लव के बर्खास्तगी की मांग करते हुए शासन- प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

राजधानी के तेलघानी चौक में लोहारडीह गांव की घटना को लेकर साहू समाज के विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। पुतला दहन के दौरान साहू समाज के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में में साहू समाज के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहा है । समाज जनों ने कहा कि गृह मंत्री के गृह जिले कबीरधाम में कोमल साहू की मई में हुई हत्या को लेकर शासन -प्रशासन ने गंभीरता नही दिखाई, जिसके चलते शिवप्रसाद साहू, रघुनाथ साहू और प्रशांत साहू की हत्या हुई। साहू समाज के पदाधिकारियों ने प्रशांत साहू शिवप्रसाद साहू एवं रघुनाथ साहू के परिवार को एक- एक करोड़ रूपया मुआवजा, जेल में बंद 70 निर्दोष की रिहाई और एसपी अभिषेक पल्लव को बर्खास्त करने की मांग की है। इसके साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा देने की मांग की। समाज के लोगों का यह भी कहना है कि जब तक समाज की मांग पूरी नहीं होतीतब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।पुतला दहन में कार्यक्रम में जिला साहू संघ रायपुर के संरक्षक व पूर्व जिलाध्यक्ष मेघराज साहू अजय साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, जिला उपाध्यक्ष देवकुमार साहू पूर्व जिला सचिव सोनू साहू, पार्षद द्वय अन्नूराम साहू, मनीराम साहू, वारेन साहू, पूर्व यूथ व संभागाध्यक्ष द्वय प्यारेलाल साहू, कृष्ण कांत साहू,पूर्व जिला संयोजक द्वय शशिकांत साहू, विरेन्द्र साहू मुकेश साहू,राज साहू,परमेश्वर साहू, गोलू साहू सहित साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# लोहारडीह में हत्या को आत्महत्या बताना राजनीतिक साजिश



- आम आदमी पार्टी ने कहा, शुरुआत से कड़ाई बरती जाती तो नहीं होता हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोहारडीह हादसे की उचित जांच नहीं किए जाने का आरोप आम आदमी पार्टी द्वारा लगाया गया है। बुधवार को प्रेसवार्ता में पार्टी पदाधिकारियों ने कहा, मामले को लेकर कई बैठकें और एफआईआर हुई। सारे मामले को अज्ञात बताकर सही जांच करने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश की गई। यदि शुरुआत से ही सरकार और पुलिस ने कड़ाई से कार्यवाही की होती, तो इतना बड़ा कांड नहीं होता। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू के निर्देश पर पार्टी ने एक जांच दल बनाया था। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रियंका शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, मिथलेश बघेल, ललित बघेल, भूपेश तिवारी व अन्य शामिल रहे। जांच दल ने घटना जाकर पीड़ितों और ग्रामवासियों से बातचीत की। इसके पश्चात राजधानी रायपुर में बुधवार को रखी गई प्रेसवार्ता में ये आरोप सरकार पर पार्टी द्वारा लगाए गए हैं।

### प्रत्येक परिवार से कोई ना कोई जेल में

आप ने कहा, गांव जाने पर देखने को मिला कि प्रत्येक परिवार से कोई ना कोई जेल में है। ऐसे में खाने पीने की दिक्कत सहित बच्चों और बुजुर्गों को मानसिक तनाव सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है। सभी लोग बेहद डर गए हैं। पार्टी के अनुसार, उपसरपंच रहे मृतक रघुनाथ के परिवार ने बताया, घटना के इतने दिन के बाद भी उन्हें खाने-पीने से लेकर, घर में रहने की दिक्कत है, लेकिन सरकार ने कोई प्रकार की मदद अब तक परिवार को नही दी है। पूरे मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम किए जाने की जरूरत है। भीड़ का कोई चेहरा नहीं होता। ऐसे में न्याय मिल पाना और भी मुश्किल होता है। पार्टी ने कहा है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो उनके द्वारा कवर्धा जाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

# जाति के मामलों में जनप्रतिनिधियों की शिकायतों की जांच एक माह में हो : बोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की हुई बैठक
- संबंधित शिकायतों की एक माह के भीतर जांच पड़ताल करते हुए सुनवाई का मौका देकर पूर्ण किया जाए

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त जातीय संबंधी प्रकरणों का समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि आगामी कुछ माह में नगरी निकाय और पंचायत प्रतिनिधियों का निवार्चन होना है। अतः जनप्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों की एक माह के भीतर जांच पड़ताल करते हुए सुनवाई का मौका देकर पूर्ण किया जाए। श्री बोरा की अध्यक्षता में बुधवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक हुई।

### बारीकी से हो जांच पड़ताल

श्री बोरा ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों पर बारीकी से जांच-पड़ताल कर संबंधितों को सुनवाई का मौका देते हुए सतर्कता टीम द्वारा रिपोर्ट सौंपा जाए। न्यायालय द्वारा संबंधित प्रकरणों में दिए गए निर्देश को विशेष ध्यान रखते हुए पक्षों को भी दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाए। बैठक में आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संचालक, सह-सदस्य सचिव पीएस एल्मा, सदस्य सह संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा, सदस्य सह संचालक सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा, सदस्य सह सहायक अनुसंधान अधिकारी आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉ. अनिल विरूलकर सहित सतर्कता टीम के अधिकारी उपस्थित थे।






हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



रेट्रो मिक्स थीम पर एंट्री... डांस में....

## लाइव इवेंट

## भरे जाएंगे कृषि विस्तार अधिकारी के 321 पद, सत्यापन 30 से



**रायपुर।** राज्य में 321 नये ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति जल्द होगी। वित्त विभाग ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। कृषि विभाग ने व्यापम द्वारा जारी सूची के अनुसार सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए दस्तावेजों के सत्यापन की सूचना जारी कर दी है। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कृषि विवि स्थित राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान समिति में 30 सितंबर से शुरू होगा और 10 अक्टूबर तक चलेगा। दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत अभ्यर्थियों के नियुक्ति के आदेश जारी होंगे। किन्हीं विशेष परिस्थितियों के कारण ऐसे आवेदक जो अपनी कम्बाईंड रैंकिंग के अनुसार निर्धारित तिथि उपस्थित नहीं हो पाए हो, तो वे 9 एवं 10 अक्टूबर को रिजर्व दिवस में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकेंगे। कृषि संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 सितंबर को सरल क्रमांक 1 से 240 तक, एक अक्टूबर को सरल क्रमांक 241 से 480 तक, 3 अक्टूबर को सरल क्रमांक 481 से 720 तक, 4 अक्टूबर को सरल क्रमांक 721 से 960 तक, 7 अक्टूबर को सरल क्रमांक 961 से 1210 तक और 8 अक्टूबर को सरल क्रमांक 1211 से 8194 के मध्य दिव्यांग श्रेणी के आवेदक तथा सरल क्रमांक 1 से 14028 (समस्त घोषित परिणाम) के मध्य भूतपूर्व सैनिक के आवेदकों का दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

### मार्च में घोषित हुए थे परिणाम

कृषि विभाग के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 4 फरवरी को प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसका परिणाम मार्च महीने में घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक सफल अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति की प्रतीक्षा में थे। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की प्रतियोगी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कंबाइंड रैंकिंग के आधार पर निर्धारित तिथियों में प्रातः 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थी को मूल प्रमाण पत्रों तथा उक्त प्रमाण पत्रों की दो सेट स्वयं प्रमाणित छायाप्रति लेकर आना होगा। अधिक जानकारी के लिए **https://agri-portal.cg.nic.in/** पर अवलोकन किया जा सकता है।

### माता धाम के अलावा अन्य मंदिरों में भी निभाई जा रही दशकों पुरानी परंपरा

# शिवालय-हनुमानगढ़ी में भी 'नवरात्रि' जगमगाएंगे अखंड आस्था के ज्योत

अमूमन माता धाम में ही लोग शारदीय व चैत्र नवरात्रि में ज्योति जलवाते हैं। देवी मंदिरों के अलावा भी शहर में कई ऐसे देवालय हैं, जहां हर साल नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति जलवाई जाती है। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने तैयारी पहले ही शुरू दी थी तेल-घी की ज्योति जलवाने के लिए भक्तों ने शुल्क जमा करने के साथ ही रसीद कटवानी शुरू कर दी है। आस्थावान लोगों की श्रद्धा को देखते हुए देवी मंदिरों के अलावा अन्य मंदिर के संचालकों ने भी अपने स्तर पर व्यवस्थाएं की हैं।

**रायपुर।** राजधानी में इन दिनों सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों ने जहां शारदीय नवरात्र में माता की स्थापना के लिए पंडालों को आकार देना शुरू किया है, वहीं सभी प्रमुख देवी मंदिरों में इन दिनों भजन-कीर्तन करने वाली टोलियों से लेकर नौ दिनों तक ज्योति-जंवारा की सेवा करने वाले पंडा और उनके दलों को भी जिम्मेदारी देना तय किया है। कुछ इसी तरह की तैयारियों का दौर शनि मंदिर, हनुमान मंदिर सहित शिव मंदिरों में भी शुरू हो गया है। यहां तेल और घी का मनोकामना ज्योति जलवाने के लिए भक्त परिवार अब शुल्क जमा करके घट स्थापना के दिन पूजा का अवसर प्राप्त करने पंजीयन करवाने लगे हैं। इसे देखते हुए देवालयों की संचालन समिति ने व्यवस्था बनाने के लिए इंतजाम करते हुए पुजारी व सेवकों को आमंत्रित भी किया है।



### 100 सालों से शिव-हनुमान मंदिर में जल रही ज्योति

हरदेव लाला बाबा विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रपाल धनगर ने बताया, मंदिर से हर जाति-धर्म के लोगों की आस्था जुड़ी है। 100 साल से ज्यादा भी पुराने इस मंदिर में हरदेव लाला के अलावा शिव परिवार और हनुमान प्रतिमा भी स्थापित की गई है। यहां मंदिर स्थापना के बाद से ही शारदीय एवं चैत्र नवरात्र में आस्था की ज्योति जलती है। शांति ज्योति के लिए 901 और जंवारा के लिए 1201 रूपए शुल्क तय किया गया है। इस बार भी 125 ज्योति जलाने का इंतजाम किया गया है। जंवारा की सेवा और इसे विसर्जन के लिए धारण करने वालों को धोती, बनियान और अन्य वस्तुएं भी मुहैया कराई जाती है। इसे देखते हुए जंवारा ज्योति का शुल्क ज्यादा रखा जाता है।

### शनिदेव मंदिर : निभाई जाती है 350 वर्ष पुरानी परंपरा

शहर के ऐतिहासिक प्राचीन शनिदेव मंदिर में भी नवरात्रि में ज्योति जलाई जाती है। गोलबाजार चूड़ी लाइन स्थित शनि मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने बताया, 350 साल से ज्यादा पुरानी परंपरा अब भी शनि मंदिर में निभाई जाती है। शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में जिन भक्तों की मनोकामना पूरी होती है, वे नवग्रह शांति के लिए मनोकामना ज्योति जलवाते हैं। इसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करवाने लगे हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। हर साल की नवरात्रि में 400-500 भक्तों की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होती है। इस वर्ष 500 से 700 ज्योति प्रचलित करने की व्यवस्था की गई है। अष्टमी के दिन हवन का आयोजन करने के साथ ही भोग प्रसाद भी वितरण किया जाएगा।

### निभा रहे खेल जंवारा की परंपरा

टिकरापारा के बजरंग चौक साहू मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में परंपरा के तहत इस शारदीय नवरात्रि में भी खेल जंवारा व ज्योत जलाने की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। इसे देखते हुए नवयुवक संघ खेल जंवारा समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने बताया कि हनुमान मंदिर के पास ही ज्योति जंवारा जलवाने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए व्यवस्था की जाती है। हर नवरात्रि में 40 से 45 भक्तों द्वारा ज्योति जलवाने का विधान किया जाता है। तेल के ज्योत के लिए 1001 और घी का ज्योत जलवाने वालों के लिए 1800 रूपए रेट तय किया गया है। दशमी के दिन धूमधाम से जंवारा विसर्जन के साथ ही भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन हर साल किया जाता है।



### बूढ़ेश्वर महादेव : गायत्री व संतोषी माता के समक्ष प्रज्ज्वलन

बूढ़ापारा स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भी ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। यहां प्राचीन शिवलिंग के साथ ही गायत्री मां और संतोषी माता का भी मंदिर है। मंदिर के ट्रस्टी अशोक पुरोहित ने बताया, जो भक्त मनोकामना लेकर आते हैं, उनकी ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। प्रत्येक वर्ष लगभग 100 भक्त यहां ज्योति जलवाते हैं। प्रत्येक वर्ष घी और तेल दोनों की ही ज्योति जलाई जाती है, लेकिन इस वर्ष कंस्ट्रक्शन कार्य जारी होने के कारण केवल तेल की ही मनोकामना ज्योति जलाई जाएगी। एकमात्र मुख्य ज्योति ही घी की प्रज्ज्वलित की जाएगी।



### नवागांव शिव मंदिर : 400 से अधिक ज्योति कलश

*नवागांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शक्ति के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं हैं। यहां प्रतिवर्ष 400 से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं। आस-पास के ग्रामवासियों सहित शहर से भी बड़ी संख्या में भक्त दीप प्रज्ज्वलन के लिए आते हैं। यहां पंजीयन प्रारंभ है।*

### सरोना शिव मंदिर सहित कई जगह मात्र मुख्य ज्योति प्रज्ज्वलन

*शहर में कई मंदिर ऐसे भी हैं, जहां मात्र मुख्य ज्योति ही प्रज्ज्वलित की जाती है। यहां भक्तों की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित नहीं होती है। नरहरेश्वर महादेव मंदिर के पं.देवशरण शर्मा ने बताया कि मंदिर में स्थापित माता की प्रतिमा के समक्ष ही ज्योति प्रज्ज्वलित होती है। स्थान के अभाव में भक्तों की मनोकामना ज्योति का पंजीयन नहीं कराते हैं। इसके अलावा स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर और सरोना स्थित शिव मंदिर में भी मात्र माता की प्रतिमा के समझ ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है।*

## आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान याद दिलाएगा संग्रहालय, जीवंत होगा जनजाति विद्रोह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान की थीम पर नवा रायपुर में शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। संग्रहालय में 15 गैलरी तैयार किए जा रहे हैं। यहां ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हुए जनजाति विद्रोहों की झांकी तैयार की जा रही है। शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहाल का निर्माण पुरखौती मुक्तांगन के समीप 45 करोड़ की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है। यह संग्रहालय न केवल छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता काल में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद दिलाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली आदिवासी परंपरा से भी आमजन को रूबरू करवाएगा। यह संग्रहालय सभी वर्ग के लोगों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र के रूप में बनकर उभरेगा।

**पुरखौती मुक्तांगन के समीप 45 करोड़ की लागत से 10 एकड़ में तैयार हो रहा है संग्रहालय**



### नवंबर में होगा लोकार्पण

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की जन्मदिवस के अवसर पर माह नवंबर में शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने अधिकारियों, इंजीनियर्स एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से अब तक के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और मैन पॉवर बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

### हल्बा विद्रोह से लेकर जंगल सत्याग्रह तक

प्रथम गैलरी में छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली को दर्शाया जाएगा। वहीं दूसरी गैलरी में राज्य की जनजातियों पर अंग्रेजों और स्थानीय हुकूमत के अत्याचार, तीसरी गैलरी में हल्बा विद्रोह, चौथी गैलरी में सरगुजा विद्रोह, पांचवी गैलरी में भोपालपट्टनम विद्रोह, छठवीं गैलरी में परलकोट विद्रोह, सातवीं गैलरी में तारापुर विद्रोह, आठवीं गैलरी में लिंगागिरी विद्रोह, नौवीं गैलरी में कोई विद्रोह, के दृश्य होंगे। इसी प्रकार दसवीं गैलरी में दंतेवाड़ा के मेरिया विद्रोह, ग्यारवीं गैलरी में मुरिया विद्रोह, बारहवीं गैलरी में रानी चौरिस विद्रोह, तेरहवीं गैलरी में बस्तर के भूमकाल विद्रोह, चौदहवीं गैलरी में शहीद वीर नारायण सिंह के सोनाखान विद्रोह एवं पंद्रहवीं गैलरी में झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्षा चित्रण किया जा रहा है।

## स्कूली बच्चों को कर सकते हैं ट्रैक डेटा संबंधित खतरों से रहें अगाह



**रायपुर।** डिग्री गर्ल्स कॉलेज के इतिहास और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एलुमनी मीट रखी गई। एलुमनी समिति की संयोजक डॉ.शम्पा चौबे के स्वागत भाषण के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.किरण गजपाल द्वारा संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साधना शर्मा द्वारा संवाद की कड़ी में 'मल्टीमीडिया एंड एनीमेशन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके तीन अलग-अलग प्रकार के बारे में बताने के बाद उन्होंने वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर के इंटरनेट से जुड़े होने की वजह से मिल रही सहूलियत के बारे में बताया। साथ ही डेटा से संबंधित खतरों के बारे आगाह किया। स्कूली बच्चे को किस तरह अभिभावक ट्रैक कर सकते हैं, इसके बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। डॉ.मधु श्रीवास्तव, डॉ.सविता मिश्रा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थिति रहीं।

## सिटी इवेंट

## मेडिकल कॉलेजों में भी तंबाकू नशामुक्ति केंद्र, युवाओं पर फोकस



**रायपुर।** लोगों को तंबाकू की लत से आजाद करवाने और इसके उपयोग से भविष्य में होने वाली कई घातक बीमारियों से बचाने के लिए जिला अस्पताल के बाद चिकित्सा महाविद्यालयों में भी तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को तंबाकू के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में भी बताया जाएगा और कोटपा एक्ट तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया।

### तंबाकू सेवन से होती है हर साल 13.5 लाख लोगों की मौत

उद्घाटन के दौरान बताया गया गया कि भारत में हर साल तंबाकू के सेवन से करीब 13.5 लाख लोगों की मौत होती है। जिला अस्पताल के बाद चिकित्सा महाविद्यालयों में बनाए जाने वाले तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र से तंबाकू के सेवन से होने वाले विपरीत परिणाम में रोक लगाने में मदद मिलेगी। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन सहित सभी मेडिकल कॉलेज के डीन इस कार्यक्रम में ऑनलाइन रूप से उपस्थित हुए। डॉ. जैन ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 को प्रदेश में वृहद रूप से संचालित किया जाएगा। विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार, ग्राम पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त किया जाने की कोशिश होगी और कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधान के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने स्वर्णप्राशन आज

*रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 26 सितंबर को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है। स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 26 सितंबर के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 24 अक्टूबर, 20 नवंबर और 18 दिसंबर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।*

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज चुनाव : 25 सितंबर को थी नाम वापसी

## दो प्रत्याशियों ने वापस लिए नाम, राज प्रधान के 14 उम्मीदवार 19 अक्टूबर तक कर सकेंगे प्रचार, दुर्ग सीट पर निर्विरोध

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इन दिनों छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। तीन साल के लिए होने वाले इस सामाजिक चुनाव में इस बार राज प्रधान के लिए धमधा और बलौदाबाजार की सीट महिला प्रत्याशी के लिए आरक्षित की गई है। वहीं इस चुनाव में केन्द्रीय अध्यक्ष के लिए भी एक महिला ने उम्मीदवारी की है। हालांकि यह पद महिला आरक्षित नहीं है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऋषिकांत वर्मा ने बताया कि नामांकन भरने के बाद 25 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। इसमें तिल्दा व धरसींवा से एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया है। वहीं तय सात राज के चुनाव में सिर्फ 6 सीट पर ही प्रत्याशियों के बीच जोर-आजमाइश होने वाली है, क्योंकि दुर्ग में एक ही प्रत्याशी होने से वह सीट निर्विरोध है।



### 20 अक्टूबर को लगेगी मुहर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रायपुर, धरसींवा, पाटन, दुर्ग, धमधा, तिल्दा, अर्जुनी, चंदखुरी, पलारी और बलौदा बाजार राज प्रधान के साथ केन्द्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव इसके साथ ही होना है। इसके लिए 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें एक महिला उम्मीदवार शामिल है। वहीं 6 राज में होने चुनाव के लिए इस बार कुल 14 प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र का राज प्रधान बनने के लिए समाज के बीच सक्रियता बढ़ाने के साथ 19 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक जनसंपर्क कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों ने प्रयास भी शुरू कर दिया है। इनके जीत-हार का फैसला करने के लिए 20 अक्टूबर को सुबह 8 से दोपहर तीन बजे तक समाज के मतदाता वोटिंग करेंगे।

### 1.43 लाख मतदाता, 670 वोटिंग बूथ

*मनवा कुर्मी समाज के आगामी चुनाव को देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक लाख 43 हजार मतदाता हैं। इसे देखते हुए जिन-जिन जिलों में चुनाव होना है, वहां लोगों को भीड़ से बचाने के लिए 670 वोटिंग बूथ बनाने की तैयारी है। सभी प्रत्याशियों की जानकारी के लिए 25 सितंबर को नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की जानकारी दी गई है। इस चुनाव में सभी राजों के लोग मिलकर एक केन्द्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। इसके लिए इस बार कुल 6 दावेदार हैं, इनमें एक महिला प्रत्याशी भी शामिल है।*

### सदस्यता अभियान पहले ही पूर्ण

कुर्मी समाज का सदस्यता अभियान पहले ही पूर्ण हो चुका है। जिन्होंने समाज की सदस्यता ली है, वे ही इसमें मतदान कर सकते हैं। मतदान के दिन ही देर रात तक परिणाम घोषित होने की संभावना है। मतदाताओं के लिए समाज द्वारा स्वीकार पहचान पत्रों की सूची जारी कर दी गई है। इनमें से किसी एक पहचान पत्र को लेकर वोटर्स को आना होगा। इसके बगैर उन्हें वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर प्रत्याशियों ने अपने स्तर पर प्रचार शुरू कर दिया है। सामाजिक संगठन को मजबूत करने से लेकर समाज के विकास सहित कई तरह के वादे उनके द्वारा किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के साथ ही अन्य माध्यमों से भी प्रचार किया जा रहा है।

रेट्रो मिक्स थीम पर एंट्री...

# डांस में क्लासिक का तड़का



कॉलेज के मंच पर जब छात्रों ने क्लासिक डांस पर परफॉर्म किया तो एक पल के लिए ऐसा लगा मानो किसी नृत्य स्पर्धा में सधे हुए कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। यह नजारा दिशा कॉलेज में संयुक्त रूप से आयोजित शिक्षक दिवस व फ्रेशर पार्टी में देखने को मिला। आयोजन की खास बात यह रही कि यहां पाश्चात्य संस्कृति के स्थान पर परंपराओं को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।





रायपुर। पहली बार कॉलेज पहुंचे छात्रों का उत्साह देखने लायक रहा। अपना परिचय अलग-अलग अंदाज में देते हुए वे नजर आए। शिक्षकों के सम्मान में भी छात्रों ने कई उम्दा प्रस्तुतियां दी। इसे देखकर वे भी भावुक नजर आए। छात्रों को उन्होंने मैसेज भी दिए। मुख्य अतिथि पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कंप्यूटर साइंस व आईटी डिपार्टमेंट के डॉ.संजय कुमार रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एके तिवारी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। प्राचार्य में अपने संबोधन में नव प्रवेशित छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों में एक अलग ऊर्जा होती है, जो उनके व्यक्तित्व विकास के लिए जरुरी है। विद्यार्थी जीवन में हमेशा समय का सदुपयोग करने की सोचें और बेहतर करने का प्रयास करें। मुख्य अतिथि डॉ.संजय ने कहा, समाज को सही राह दिखाने के लिए शिक्षकों का अहम योगदान होता है। एक विद्यार्थी को शिक्षक ज्ञान के साथ सही राह पर चलने का दिशा दिखाता है।

### कथक के जरिए सरस्वती वंदना

सरस्वती वंदना में कॉलेज छात्रा ने मनमोहक कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। गणेश वंदना करते हुए समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसमें रिमिक्स गानों पर मंच पर प्रस्तुति दी गई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत गुरुजनों के सम्मान के साथ की गई, जिसमें छात्रों द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया गया। समारोह के दौरान एक से बढ़कर एक फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति दी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ी व पुराने हिंदी गानों पर तालियों की गूंज सुनने को मिली।





### मिस-मिस्टर फ्रेशर सहित कई टाइटल



रंगारंग सांस्कृतिक में देशी टॉपर्स, रेट्रो मिक्स, रॉक थीम और देशी गर्ल्स थीम पर प्रस्तुति दी गई। जहां सीनियर छात्र अपने जूनियर्स के साथ झूमते नजर आए। इस अवसर पर मिस फ्रेशर भव्या जीवने, मेहनाज अंजुम, पूजा साहू, खुशी वाधवानी जानहवी साहू रही। मिस्टर फ्रेशर में मनीष, प्रथम जयसवाल, यशवंत पाल, वैभव देवांगन, सृजन टिकरिहा रहे। विभिन्न विभागों में अलग-अलग विजेता चुने गए।मिस्टर एंड मिस इव में आकृति गुप्ता, सिमरन नरवानी, एम.संजना, ट्विंकल पटेल, रिद्धिमा सिंह ठाकुर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, फैज अहमद, सुमीत शुक्ला, अनिकेत साहू, राजवीर सिंह का चयन किया गया। अन्य टाइटल भी छात्रों को दिए गए।

---

समाज लाइव

## मेडिकल स्टूडेंट्स हासिल कर सकें ज्ञान, इसलिए देह दान



रायपुर। पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में बढ़ते कदम संस्था द्वारा दो देह दान कराया गया। बीते दो दिनों डॉ.प्रदीप जैन व एम.राजीव के परिवार के सदस्यों ने अस्पताल में अपने परिजनों का देहदान किया। संस्था से शरीर दान प्रभारी राजू झामनानी ने बताया, संस्था के प्रयासों से विगत 17 वर्षों में 197 लोगों ने शरीर दान किया है। जिसमें राजधानी के अलावा अन्य शहरों के भी परिजन शामिल हैं। राजधानी के अलावा भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर व बिलासपुर के सरकारी व निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए यह देह दान किया गया।

### शरीर दान के लिए कर रहे जागरुक

संस्था सदस्यों ने बताया, देहदान किए जाने पर चिकित्सा छात्रों को बेहतर ज्ञान प्रदान करने में सहायता मिलती है और समाज को अच्छे चिकित्सक मिलते हैं। अनुभवी प्रोफेसरों द्वारा नव प्रवेशित छात्रों को मानव शरीर की उचित जानकारी इसके माध्यम से दी जा सकती है। संस्था द्वारा शरीर दान के प्रति व्यक्तियों को जागरुक किया जाता है। चिकित्सा महाविद्यालय में डॉ. प्रदीप जैन परिवार द्वारा गौतम राज भण्डारी और एम.राजीव द्वारा मुत्तीरेड्डी लक्ष्मण राव का देहदान किया गया। परिजनों ने कहा, शरीर दान से चिकित्सा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को शरीर संबंधित विभिन्न जानकारी दी जाएगी, जिससे आने वालर पीढ़ी को लाभ होगा। वे विभिन्न बीमारियों का इलाज बेहतर ढंग से करने योग्य बनेंगे।

सिटी लाइव

## इंडोर स्टेडियम में सामूहिक नृत्य स्पर्धा, भेजने होंगे वीडियो



रायपुर। इंडोर स्टेडियम में एक अक्टूबर को सामूहिक नृत्य स्पर्धा आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदा मामा 4 अक्टूबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म के निर्माताओं द्वारा एक अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से बूढ़ातालब के पास बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में निःशुल्क समूह डांस प्रतियोगिता होगी। प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर तक व्हाट्सएप्प नंबर 74704-59937 पर प्रतिभागियों को डांस का वीडियो भेजना होगा। निर्माता मोहित साहू ने कहा, फिल्म प्रदर्शन से पूर्व इस तरह का आयोजन छॉलीवुड में नए प्रयोग के रूप में किया जा रहा है।

### बांटे जाएंगे 8 लाख रुपए के इनाम

प्रतियोगिता में जो डांस ग्रुप पार्टिसिपेट करेंगे, उन्हें छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदामामा के गानों पर स्टेप बाई स्टेप डांस करना होगा। डांस प्रेमी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर ना केवल प्रदर्शन कर सकेंगे, बल्कि विजयी प्रतिभागी ग्रुप पुरस्कार के पात्र भी बनेंगे। इसमें 8,35,600 रुपए के इनाम घोषित है। इसमें पुरस्कार राशि प्रथम 2,51,000, द्वितीय 2,01,000, तृतीय 1,51,000, चतुर्थ 1,00,000, पंचम 51,000 रुपए है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार 5100 रुपए दिया जाएगा।

एजूकेशन अपडेट

## बदली तिथि, लैब तकनीशियन भर्ती परीक्षा अब 6 अक्टूबर को

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत ली जाने वाली प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती की लिखित परीक्षा अब 6 अक्टूबर को ली जाएगी। पूर्व में इस लिखित परीक्षा का आयोजन 29 सितम्बर को होना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित कर 6 अक्टूबर कर दिया गया है। उक्त परीक्षा 6 अक्टूबर को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अपरान्ह 2 से 4.15 बजे तक होगी। व्यापम ने इसके लिए 23 सितंबर को प्रवेशपत्र जारी किए थे। नवीन तिथि में होने वाली परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र नए सिरे से जारी किए जाएंगे अथवा 23 सितंबर को जारी प्रवेशपत्र ही मान्य रहेंगे, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं किया गया है।

### मत्स्य निरीक्षक परीक्षा पूर्व तिथि पर ही

29 अक्टूबर को प्रयोगशाला तकनीशियन के साथ ही मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का भी आयोजन किया जाना था। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। पूर्व निर्धारित तिथि पर ही मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। इसके प्रवेश पत्र भी 23 सितंबर को व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। पूर्व में एक ही तिथि पर दो पालियों में इन परीक्षाओं के आयोजन का निर्णय लिया गया था। व्यापम द्वारा परीक्षा निरस्त किए जाने का कारण नहीं स्पष्ट नहीं किया गया है।

---

## चिकित्सा छात्रों को टीचर्स कैसे दें बेहतर ट्रेनिंग इसका प्रशिक्षण जरूरी, इससे सुधरेगा रैंक

**मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला, छग में है रीजनल ट्रेनिंग सेंटर की जरूरत**



रायपुर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का आयोजन किया गया। बुधवार को इसका समापन हुआ। तीन दिनों तक चले मंथन में मेडिकल एजुकेशन और स्टूडेंट्स की दक्षता बढ़ाने जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने सारगर्भित टिप्स दिए। दरअसल, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ही ऐसा है, जिसमें चिकित्सा शिक्षकों द्वारा मेडिकल स्टूडेंट्स को किस तरह से बेहतर से बेहतर ट्रेनिंग देनी है, इसका प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के नेशनल फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत उनकी सीधी निगरानी में आयोजित किया गया। आयोजकों में डीन डॉक्टर तृप्ति नागरिया, को-आर्डिनेटर डा. दिवाकर धुरंधर और आब्जर्वर डा. परमानंद अग्रवाल समेत विषय विशेषज्ञों ने प्रोग्राम की महत्ता से अवगत कराया। यह माना गया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन को पदोन्नति के लिए आवश्यक अर्हता निर्धारित करना बताता है कि यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में प्रदेश में 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं पांच निजी चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित हैं, जिनमें से प्रत्येक वर्ष 2000 से ज्यादा एमबीबीएस छात्र उत्तीर्ण होकर अपने चिकित्सक होने के सामाजिक दायित्व को ग्रहण करते हैं। प्रदेश में बढ़ते मेडिकल कॉलेज की संख्या को देखते हुए यह भी जरूरी हो जाता है की उनकी गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न हो। एक अच्छा चिकित्सा शिक्षक बहुत से सक्षम चिकित्सकों को जन्म देता है। यह कहना गलत नहीं होगा की प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए ऐसी कार्यशाला एक अहम भूमिका अदा करती है।

### जरूरत है छग में सेंटर की

वर्तमान में मास्टर ट्रेनर्स को राष्ट्रीय विज्ञान आयोग के द्वारा निर्धारित रीजनल ट्रेनिंग सेंटर कटक, उड़ीसा जाकर प्रशिक्षण लेना होता है, इसके पश्चात ही वे इस प्रकार की कार्यशाला में ट्रेनर बन सकते हैं। पूरे प्रदेश में एक भी रीजनल ट्रेनिंग सेंटर न होने की वजह से यहां के चिकित्सा शिक्षकों को प्रदेश के बाहर जाकर आवश्यक ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। चिकित्सा शिक्षकों की गुणवत्ता एवं प्रदेश की जनता को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु अगर रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ राज्य में भी चालू किया जाता है तो यह प्रदेश की एक उपलब्धि होगी।

### रैंकिंग में होगा सुधार

यह माना गया कि प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों की अखिल भारतीय रैंकिंग को भी ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम से सुधार संभव है। सूचना प्रौद्योगिकी के शीघ्र बदलते परिवेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड लर्निंग एवं डिजिटल हेल्थ के युग में इस तरह की इन्नोवेशन सेंटर बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। इस तरह का सेंटर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र पर अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ राज्य को आगे रखने में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## स्केटिंग करते हुए बना रहे कई किमी लंबी रंगोली, चटख रंगों से ट्रेडिशनल लुक



रायपुर। एक समय था, जब लोग हाथों से रंगोली सजाने में महारत हासिल करने के लिए गुरुओं के पास सीखने के लिए जाते थे। इसके बाद कुछ आर्टिस्ट ने थ्रीडी रंगोली सजानी शुरू की। अब इसमें अपडेट वर्जन या यूं कहें कि नए क्रिएशन का ट्रेंड युवाओं ने शुरू किया है। इसे आर्टिस्ट स्केटिंग करते हुए भी बनाने लगे हैं। शहर के राम सागरपारा के मांगड़ापारा निवासी विरेन्द्र साहू ने इस ट्रेंड को तीन महीने पहले महाशिवरात्रि से शुरू किया, तो लोग रंगोली सजाने के लिए इस नए ट्रेंड को भी स्वीकार करते हुए बड़े आयोजनों के लिए आर्डर भी देने लगे हैं। इसे बनाने में विरेन्द्र के सहयोगी के रूप में रुपेन्द्र साहू, खेमराज निषाद और भानुप्रताप जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### मेमोरी के आधार पर करते हैं काम

आर्टिस्ट साहू ने बताया कि पंडाल या मुख्य आयोजन स्थल के सामने स्केटिंग रंगोली सजाने के साथ लोग दो से तीन किलोमीटर लंबी रंगोली के लिए भी आर्डर बुक कराते हैं। नवरात्रि से दिवाली के बीच रायपुर ही नहीं बल्कि भोपाल से भी 15 से ज्यादा आयोजकों ने बुकिंग करवाई है। रंगोली सजाने के लिए किसी तरह की डिजाइन तैयार नहीं करते हैं, बल्कि ट्रेडिशनल रंगोली को ही मेमोरी के आधार पर स्केटिंग करते हुए चलते-चलते बना देते हैं।

### इस तरह से सजाते हैं रंगोली

उन्होंने बताया कि इसे बनाते समय इस बात का ध्यान देना होता है कि बनाई गई रंगोली किसी प्रकार से खराब न होने पाए। इसके लिए वेलकम थीम को सबसे पहले रंगोली में आकार देते हैं। इसके बाद जिस उत्सव में सजाने के लिए ऑफर मिलता है, उन आयोजकों से डिजाइन मांगी जाती है। इसे स्केटिंग करते हुए सजाने में सहयोग के लिए रंगों का समावेश करने के लिए सहयोगी साथी रखना पड़ता है, क्योंकि बीच में स्केटिंग नहीं छोड़ पाते हैं।

---

**भोले शंकर संग विराजेंगी मां पार्वती, कोलकाता से आए कारीगर व मूर्तिकार**

## पंडालों में उत्तराखंड और पं.बंगाल के मंदिरों की प्रतिकृति प्राचीन व सिद्धि प्राप्त मंदिरों की तर्ज पर होंगे माता के दर्शन

कार्नर न्यूज

रायपुर। शारदीय नवरात्रि पर राजधानी के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाएगी। जिमसें माता के अनेक स्वरुपों के दर्शन होंगे। कालीबाड़ी, डब्ल्यूआरएस कालोनी, बूढ़ापारा, सुंदर नगर, बैरन बाजार सहित अनेक पंडालों को भव्य रुप से सजाया जा रहा। इस वर्ष भी कोलकाता के कारीगर पंडाल निर्माण में जुटे हुए हैं। इस वर्ष 150 से अधिक पंडालों का निर्माण शहर में किया जा रहा है। इसके लिए माना, रायपुरा व नवा रायपुर के मूर्तिकारों द्वारा मूर्ति निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष पंडाल सजावट के लिए अन्य राज्यों से कारीगरों को बुलाया गया है। बीते एक माह से लगातार पंडाल सजावट का कार्य कर रहे हैं, ताकि तय समय पर कार्य पूर्ण हो सके। बड़े व भव्य पंडालों को आकर्षक रुप से सजाने के लिए थीम बेस्ड कार्य किया जा रहा है। शहर की दुर्गा समितियों द्वारा माता की मूर्ति और पंडालों की नौ दिनों के अनुसार आकर्षक सजावट की जा रही है।



### बंगाल की थीम पर सजावट

कालीबाड़ी समिति के सचिव विजय भट्टाचार्य ने बताया, इस वर्ष 9-10 लाख का बजट नवरात्रि पर रखा गया है। बंगाल की थीम पर पंडाल को सजाया जाएगा, शुरुआती द्वार में बंगाल की शैली व परिवेश देखने को मिलेगा। वहीं मंच को फूल और झाड़ से सजाया जाएगा। बंगाल के मूर्तिकारों द्वारा शहर में प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष 12-13 फीट की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर कोलकाता के पंडित द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। वे नवरात्रि की चतुर्थी तिथि को शहर पहुंचेंगे।

### फूल और बांस की मदद से देंगे मंदिर का स्वरूप

आकाशवाणी रोड स्थित श्री सिद्धि विनायक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मंदिर थीम पर पंडाल सजाया जा रहा है। समिति सदस्य पूजा रजक ने बताया, माना के त्रिमूर्ति कला के मूर्तिकारों द्वारा मां की प्रतिमा का निर्माण किया गया है। पंडाल के भीतर पारंपरिक रुप से साज-सज्जा की जाएगी, जिसमें फूल व केन बेस्ड थीम पर डेकोरेशन किया जाएगा।

### उत्तराखंड की देवी सुरकंडा का स्वरुप, सवा लाख में तैयार

श्री श्री मां मंगला काली दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने पंडाल की जानकारी देते हुए कहा, होली क्रास स्कूल के सामने बैरनबाजार में एक ओर चर्च और दूसरी ओर मस्जिद के बीच मंदिर रूपी पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसे कोलकाता के कारीगरों द्वारा बीते एक माह से तैयार किया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य के टिहरी गढ़वाल जिले के काणताल गांव स्थित सुरकंडा देवी मंदिर की तर्ज पर पंडाल व मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल में मां दुर्गा शेर व बाघ में सवार नजर आएंगी। प्रतिमा की कीमत सवा लाख रुपए है, जिसे त्रिमूर्ति कला के मूर्तिकारों द्वारा 10 फीट की ऊंचाई में तैयार किया गया है। इस वर्ष पंडाल सज्जा सहित अन्य कार्य में 9 से 10 लाख रुपए की लागत आई है। नौ दिनों तक माता का भव्य आरती आकर्षण का केंद्र बना रहेगा।

### देवी तारा मंदिर की तर्ज पर पंडाल निर्माण

बैरनबाजार स्थित नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के संस्थापक कृष्ण बाग ने पंडाल की जानकारी देते हुए कहा, बीते अगस्त माह से पंडाल निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। इस वर्ष पश्चिम बंगाल राज्य के बीरभूम जिले के तांत्रिक मंदिर देवी तारा तर्ज पर पंडाल सजाया जा रहा है। पंडाल में माता पार्वती संग भगवान भोल अपने प्रिय सवारी बाघ व नंदी महाराज के साथ नजर आएंगे। दीप मूर्ति कला के मूर्तिकारों द्वारा 12 फीट की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष माता के लिए सम्बलपुर से पोशाक मंगाए गए हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जुजित्सु खिलाड़ियों को पदक लाने सुविधाएं देगा खेल विभाग



**रायपुर।** जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ रायपुर के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय पदक विजेताओं ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता से सौजन्य भेंट की। जुजित्सु रायपुर जिला के सचिव सूरज वर्मा ने जुजित्सु खेल की जानकारी देते हुए बताया गया कि एशियन खेल एवं खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार एवम छत्तीसगढ़ शासन से इसे मान्यता प्राप्त है। पिछले वर्ष देवास, मध्य प्रदेश में रायपुर जिला से 5 पदक प्राप्त हुए थे एवं इस वर्ष सब जूनियर एवं जूनियर में 7 पदक और सीनियर वर्ग में 4 पदक प्राप्त हुए।

इनमें देवास (सब जूनियर-सीनियर) 2022-23 में चांदनी दीवान-स्वर्ण (फाइटिंग), अच्युत पांडे-स्वर्ण (नेवाजा), प्रियंका ठाकुर-रजत (फाइटिंग),डॉली नायक-कांस्य (नेवाजा), मनोज साहू कांस्य (नेवाजा) , लखनऊ (सब जूनियर/जूनियर) 2023-24 में हिमांशु मारकंडे रजत (नेवाजा), दीपशिखा तिवारी कांस्य (फाइटिंग), रूपाली साहू कांस्य (नेवाजा), मयंक साहू कांस्य (फाइटिंग), कुबेर साहू कांस्य (फाइटिंग), सबा परवीन रजत (फाइटिंग), सानिया परवीन रजत (फाइटिंग),उत्तराखंड (सीनियर) 2023-24 में मनोज साहू स्वर्ण (नेवाजा),.हर्ष वर्मा रजत (नेवाजा), अन्नू देवी कंवर रजत (फाइटिंग) और डॉली नायक कांस्य (नेवाजा) शामिल हैं।

जुजित्सु खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करते हुए प्रतिदिन खेल में अधिक मेहनत कर आगे का लक्ष्य एशियन गेम्स में प्रतिभागिता करते हुए पदक लाने की ओर है। हिम शिखर गुप्ता ने इस मौके पर खिलाड़ियों को बधाई दी एवं खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिता हेतु पदक प्राप्त करने के लिए सुविधाओं को खेल विभाग से पूरा कराने की बात कही।

### प्रथम मिक्स नेटबॉल के लिए 12 जिलो से खिलाड़ी हुए चयनित



**रायपुर।** नेटबॉल स्टेट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में सिलेक्शन ट्रायल रखा गया था, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, सक्ती, बलौदाबाजार भाटापारा, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, जांजगीर-चांपा जिलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा। जिलों से 12 पुरुष एवं 12 महिला सहित कुल 24 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों के फिटनेस टेस्ट एवं खेल के आधार पर सूची बनाई जाएगी जो चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने यह चयन समिति गठित की थी जिसमें चयनकर्ता के रूप में इस सुशील साहू , योगेश साहू ,अनूप यादव, उत्तम कुमार एवं राजेश राठौर शामिल हुए। चयनित खिलाड़ी 1 से 4 अक्टूबर तक बेंगलुरु में आयोजित पहली सीनियर नेशनल मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विवेकानंद विद्यालय के प्राचार्य मनोज पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं चयन ट्रायल के दौरान मैदान पर उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन आज से महासमुंद में



**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ, खेल एवं युवा कल्याण तथा छत्तीसगढ़ राज्य संघ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय योनेक्स सनराइज 23वीं अंडर 19 वर्ष बालक/बालिका बैडमिंटन रैंकिग चैंपियनशिप का 5 दिवसीय आयोजन 26 से 30 सितंबर तक फॉरेस्ट बैडमिंटन हॉल महासमुंद में किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 130 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में बालक सिंगल, बालक डबल, बालिका सिंगल, बालिका डबल एवं मिक्स डबल सहित कुल 5 इवेंट होंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ी चयनित होंगे। प्रतियोगिता को लेकर जिला संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य काफी उत्साहित है तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों में लगे हुए है। खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने आयोजन की तैयारियों, आवास व्यवस्था, भोजन संबंधित जानकारी खेल संघ से लेते हुए तैयारियों का निरीक्षण किया। जिला बैडमिंटन सचिव घनश्याम सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक महासमुंद के आतिथ्य में 26 सितम्बर को शुभारंभ होना है।

प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए जिला बैडमिंटन संघ द्वारा विगत दिनों जिला संघ के संरक्षक योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक के साथ संघ के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई।

अपने लिवर की जांच जरूर कराएं, बढ़ रही है युवाओं में भी दिक्कत

# अक्सर रहने वाली थकान इशारा होता है आपके फैटी लिवर का, बरतें सावधानी

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से होकर गुजरता है और लिवर इस रक्त का ब्रेक डाउन करके उसे संतुलित करता है और पोषक तत्वों का निर्माण करता है। पाचन के लिए भी लिवर का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण लिवर से संबंधित कई समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है, फैटी लिवर की समस्या उनमें से एक है।

फैटी लीवर, लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने की स्थिति है। अधिकांश लोगों में इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं हालांकि अगर इसका निदान और उपचार न किया जाए तो ये गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है। फैटी लिवर की समस्या में कई बार ऐसे लक्षण होते हैं जिन्हें इग्नोर कर दिया जाता है, क्या अक्सर थकान बने रहना भी इसका एक संकेत हो सकती है?

आइए फैटी लिवर के ऐसी ही कुछ अप्रत्याशित लक्षणों के बारे में जानते हैं।



## क्या आपको भी अक्सर रहती है थकान की दिक्कत?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) लिवर की समस्या जरूर है पर इसके कई लक्षण काफी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। थकान होना, एनएएफएलडी वाले व्यक्तियों में काफी सामान्य लक्षण है। माना जाता है कि इस रोग में न्यूरोट्रांसमिशन में कुछ परिवर्तन होते हैं जिसके कारण आपमें थकान की समस्या हो सकती है। हालांकि थकान के साथ आपको इसके दूसरे लक्षणों पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है।

## पेट में दर्द बने रहना

फैटी लिवर वाले रोगियों में पेट के ऊपरी-दाहिने हिस्से में असुविधा या हल्का दर्द का अनुभव होता है। पेट दर्द के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं पर अगर ये समस्या थकान, पेशाब के रंग में बदलाव के साथ हो रही है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता होती है। फैटी लिवर रोग में लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है इसके कारण पेट में दर्द की समस्या होना काफी सामान्य हो सकता है।


## पेशाब के रंग पर दें ध्यान

फैटी लिवर रोग में अन्य लक्षणों के साथ आपको पेशाब के रंग में बदलाव की भी समस्या हो सकती है। कुछ लोगों को इस रोग के कारण गहरे रंग के पेशाब की समस्या हो सकती है। आप पेशाब के साथ मल के रंग में भी परिवर्तन का अनुभव कर सकते हैं। असल में लिवर की इस समस्या में बिलीरुबिन के स्तर में वृद्धि हो जाती है जिसके कारण आपको गहरे पीले रंग का पेशाब हो सकता है।

## वजन में परिवर्तन

फैटी लिवर के कारण आपका वजन घट या बढ़ सकता है। यह समस्या मेटाबॉलिज्म प्रक्रियाओं को बाधित कर देती है, जिससे वजन में परिवर्तन होने लगता है। यदि आप बिना किसी कारण के वजन में बदलाव महसूस कर रहे हैं, साथ ही अक्सर थकान-कमजोरी या पेट में दर्द का अनुभव कर रहे हैं तो आपको फैटी लिवर का खतरा हो सकता है जिसको लेकर अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है।





# माइग्रेन रोगियों में बढ़ जाता है स्ट्रोक का खतरा

स्ट्रोक का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब युवा आबादी भी इसकी शिकार होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक हर साल डेढ़ करोड़ से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं और करीब 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्ष से कम उम्र के लगभग 70,000 अमेरिकियों को स्ट्रोक होता है। लगभग 10 से 15 प्रतिशत वयस्कों में समय के साथ ये जोखिम बढ़ रहा है। स्ट्रोक को लेकर बड़ा सवाल ये है कि युवा इसके शिकार क्यों हो रहे हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

## दो प्रकार के होते हैं स्ट्रोक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्ट्रोक दो प्रकार के होते हैं: इस्केमिक और हेमोरेजिक। सबसे अधिक मामले इस्केमिक स्ट्रोक के रिपोर्ट किए जाते हैं जो मस्तिष्क तक जाने वाली धमनी में रक्त के थक्कों के निर्माण के परिणामस्वरूप होती है। वहीं हेमोरेजिक स्ट्रोक, तब होता है जब मस्तिष्क में या उसके पास रक्त वाहिका फट जाती है। हमारे जीवनशैली की कई गड़बड़ आदतों के कारण रक्त वाहिकाएं अवरुद्ध हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।



## युवाओं में स्ट्रोक के कारण

युवा वयस्कों में स्ट्रोक के बढ़ते खतरे के लिए जिन जोखिम कारकों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें गड़बड़ लाइफस्टाइल, धूम्रपान-शराब का सेवन, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या है। जिन लोगों के परिवार में किसी को स्ट्रोक हो चुका है उनमें भी इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे माइग्रेन और हार्ट की बीमारी वाले लोगों में भी स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है।

## माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। स्ट्रोक और माइग्रेन दोनों मस्तिष्क की ही समस्याएं हैं और कभी-कभी माइग्रेन के लक्षण स्ट्रोक की तरह ही हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है।

# जीवन में सुख-समृद्धि लाते हैं वास्तु के ये आसान उपाय, घर में भी आती है खुशहाली



अक्सर वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर का निर्माण कराया जाता है। साथ ही घर की सभी चीजों को वास्तु के आधार पर ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यदि वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार कार्य ना किए जाएं तो घर में कलेश व आर्थिक तंगी बनी रहती हैं। हमारे आसपास रखी चीजें हमारे जीवन पर प्रभाव डालती हैं। वास्तु का सीधा संपर्क हमारे जीवन से जुड़ा होता है। कई बार हम कुछ ऐसे सामान की खरीदारी कर लेते हैं, जिन्हें वास्तु शास्त्र में अशुभ माना गया है। कई बार ये चीजें हमारी तरक्की के मार्ग में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर में रखी सभी चीजों को वास्तु के अनुसार रखा जाएं। ऐसा करने से तरक्की के नए मार्ग खुल सकते हैं। क्योंकि ऐसा माना जाता है वास्तु के नियमों का पालन करने से तरक्की के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि वास्तु के किन उपायों के करने से तरक्की के मार्ग खुल जाते हैं।

## तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में पेड़-पौधों को लगाना शुभ माना गया है। हालांकि, इनमें तुलसी का अहम स्थान है। दरअसल वास्तु के मुताबिक हर घर में तुलसी का पेड़ होना बेहद जरूरी हैं। कहा जाता है कि जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है, वहां पर खुशहाली रहती हैं।

# पितृपक्ष में नहीं करते हैं पूर्वजों का श्राद्ध तो हो सकते हैं बड़े नुकसान



पितृपक्ष में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म के जरिए पितरों को श्रद्धांजलि दी जाती है। यह पूर्वजों की पूजा और उनकी आत्माओं की तृप्ति के लिए बेहद खास पल होता है। ऐसे में, जो लोग इस समय श्राद्ध नहीं करते उनके जीवन में कई सारी गंभीर समस्याएं आती हैं।

## शांति और सुख का अभाव

पितृपक्ष में पितरों को अपने वंशों से आशा रहती है कि वे उनका श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करेंगे और इसी आशा के साथ आश्विन मास में पितृपक्ष के दौरान पूर्वज धरती पर आते हैं। ऐसे में, अगर उनके वंशज श्राद्ध न करें तो पितर प्रसन्न नहीं होते हैं और व्यक्ति के जीवन में शांति और सुख का अभाव रहता है। जीवनभर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## पितृदोष लगने से हो सकते हैं परेशान

पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध-तर्पण न करने से पितृ अतृप्त रहते हैं और वे अपने वंशों को आशीर्वाद देने के बजाय कष्ट पहुंचाते हैं। ऐसे में, आपको पितृदोष लगता है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार, जिस कुल में श्राद्ध कर्म नहीं होता है। वहां दीर्घायु या निरोगी संतानों का जन्म नहीं होता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
VB VANDE BHARAT · THUKRAL
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रूई गद्दा 220/- रूई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रूई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आकर्षक डील्स पाएं
0% DOWN PAYMENT
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
• लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
• 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
• ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR
SPECIAL OFFER ₹55,000
SPECIAL OFFER ₹95,000
SPECIAL OFFER ₹1,50,000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## खौफ का खेल दिखेगा 'सिनर्स' फिल्म में, मौत पहुंचेगी घर तक

हॉरर ड्रामा फिल्म सिनर्स का आधिकारिक ट्रेलर मे जारी कर दिया गया है। माइकल बी जॉर्डन इस आगामी फिल्म में अपनी दमदार अदाकारी का जलवा दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। सोशल मीडिया पर पिछले काफी समय से इस फिल्म को लेकर चर्चाएं चल रही थीं।



ब्लैक पैंथर, फ्रूटवेल स्टेशन और क्रीड जैसी हिट फिल्में देने के बाद जॉर्डन और रयान कूगलर (निर्देशक) ने एक बार फिर साथ मिलकर इस हॉरर ड्रामा फिल्म को दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स की ओर से जारी किए गए ट्रेलर में फिल्म की स्टार कास्ट अज्ञात चीज के डर से लड़ती हुई दिखाई दे रही है। फिल्म की कहानी दो भाइयों की है जो अपनी परेशानियों को पीछे छोड़कर अपने गृहनगर वापस लौटने की कोशिश करते हैं, लेकिन समस्याएं और डर दोनों का लगातार पीछा करते हैं। फिल्म में जॉर्डन के किरदार को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ₹मैं इस पूरी दुनिया में घूम चुका हूं। मैंने लोगों को ऐसे तरीके से मरते देखा है...मुझे पता नहीं था कि ऐसा भी संभव हो सकता है। मैंने जितनी भी चीजें देखी हैं, उनमें से मैंने कभी कोई राक्षस, कोई भूत, कोई जादू नहीं देखा... अब तक।₹ माइकल बी जॉर्डन के अलावा फिल्म में हैली स्टेनफेल्ड, वुन्मी मोसाकू, डेलरॉय लिंडो, जैक ओकोनेल, जेमी लॉसन और ओमर बेन्सन मिलर भी हैं। इनके अलावा फिल्म में ली जुन ली, लोला किर्के, याओ, माइल्स कैटन और पीटर ड्रेमेनिस की मौजूदगी भी देखने को मिलेगी। फरवरी में वार्नर ब्रदर्स स्टूडियो ने बोली लगाकर इस फिल्म को खरीद लिया था। यह फिल्म 7 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर को देखने के बाद इस फिल्म से फैंस की उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं।

### टॉलीवुड

## कमल हासन की मणिरत्नम निर्देशित 'ठग लाइफ' की शूटिंग पूरी, मनाया जश्न

कमल हासन की अगली बड़ी फिल्म 'ठग लाइफ' पिछले कुछ समय से उनके सभी प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। फिल्म ने अपनी शुरुआती झलकियों और पोस्टरों से दर्शकों को पहले ही आकर्षित कर लिया है और उम्मीद है कि यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित होगी। फिल्म के कलाकार लंबे समय से फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी सामने आई थी। आखिरकार अब निर्माताओं ने इसका आधिकारिक एलान कर दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म के सेट से बीटीएस वीडियो भी साझा किया।



कमल हासन ने अपनी आने वाली फिल्म 'ठग लाइफ' की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्माताओं ने आज मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की। निर्देशक मणिरत्नम के साथ 35 साल बाद फिर से काम करते हुए कमल हासन ने इस साल जनवरी में विभिन्न स्थानों पर शूटिंग शुरू की। फिल्म के पूरे शूटिंग शेड्यूल के एक बीटीएस वीडियो में 'ठग लाइफ' के निर्माताओं ने कई महत्वपूर्ण क्षणों की झलक दिखाई, जिसमें प्यारे दृश्य और दूर के स्थान शामिल हैं।

वीडियो में फिल्म की शूटिंग पूरी होने का जश्न भी दिखाया गया है। कमल हासन, सिलंबरासन टीआर उर्फ सिम्बू और निर्देशक मणिरत्नम एक तस्वीर के लिए साथ आए। एक फ्रेम में कमल हासन शेड्यूल खत्म होने पर अपने निर्देशक को बधाई देते हुए भी देखा जा सकता है। कैप्शन में लिखा है, 'शूटिंग पूरी हुई ठग लाइफ अगले चरण में प्रवेश कर रही है।' यह फिल्म का अगला भाग इसका पोस्ट प्रोडक्शन होगा।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने आजमगढ़ में बना दिया माहौल, भीड़ ने तोड़ी कुर्सियां

इन दिनों यूपी में आजमगढ़ महोत्सव को लेकर धूम मची है। कई सारे भोजपुरी स्टार्स इवेंट में परफॉर्म कर रहे हैं और प्रोग्राम में आखिरी दिन भोजपुरी की फेमस सिंगर और एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी अपने जबरदस्त गानों पर धमाल मचाया। हालांकि, एक वक्त पर भीड़ उनपर हावी हो गई है और भीड़ में जमकर जूते-चप्पल चलने लगे। सिंगर ने जैसे ही गाना गाते-गाते ठुमके लगाना शुरू किया, वैसे ही स्टेज पर जूते-चप्पलों की बरसात होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने चिल्लाना और हूटिंग करना शुरू कर दिया। आइए बताते हैं पूरा मामला।



इस कॉन्सर्ट में स्टेज पर चप्पल और जूतों की बारिश होने लगी। इतना ही नहीं, स्टेज पर पानी की बोतलें भी फेंकी गईं।इस दौरान सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज करके वहां मौजूद लोगों को भगाने की कोशिश की लेकिन पुलिसकर्मियों पर भी उन लोगों ने जूते फेंके।

इन सबके बाद अक्षरा का गुस्सा होना जाहिर है। वो नाराज होकर वहां से चली गईं और महोत्सव के बीच में ही गाना बंद कर दिया। भोजपुरी एक्ट्रेस को देखने के लिए जितनी भारी भीड़ उमड़ी थी, उतने ही लोगों ने वहां पर बवाल करना भी शुरू किया। बता दें कि अक्षरा सिंह आजमगढ़ महोत्सव में आखिरी दिन परफॉर्म कर रही थीं।

### फैशन का पैशन

### लाइफ स्टाइल



टक्सीडो पहने पुरुष मॉडल का समूह रनवे पर आगे बढ़ रहा है और दर्शक तालियों से उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। नजारा है लंदन फैशन वीक का। पूरी दुनिया में मशहूर लंदन फैशन वीक में अलग-अलग थीम पर फैशन शो होते रहते हैं। पुरुषों की छवि को भुनाने के मकसद से डिजाइनर ने यहां एक से रंग में रंगा है। इसकी शो में बेहद तारीफ हुई।

## हाथों की उंगलियां हैं छोटी तो मेहंदी के ये डिज़ाइन करें ट्राई

हर छोटे-बड़े फंक्शन पर हाथों पर मेहंदी लगाई जाती है। इसे हाथों पर लगाना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं हाथों पर किसी भी प्रकार की मेहंदी लगाने से पहले आपको हाथों के आकार को समझना बेहद जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार बनाया गया डिजाइन आपके हाथों पर खूबसूरत लुक नहीं दे पाता है।

खासकर हाथों की छोटी उंगलियां छोटी होने पर हमें डिजाइन चुनने में परेशानी होती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मेहंदी के कुछ डिजाइन ज खासकर हाथों की छोटी उंगलियों के लिए खास हैं।

मिनिमल और मॉडर्न लुक वाली मेहंदी का डिजाइन हाथों में बनाना चाहती हैं तो इस तरह से केवल रिंग फिंगर में आप बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। इस तरह का डिजाइन खासकर छोटे हाथों पर खूबसूरत नजर आता है। आप चाहे तो एक से ज्यादा उंगलियों पर भी इस तरह से मेह्नी को लगा सकती हैं।

अगर आप खुद मेहंदी लगाना अच्छे तरीके से जानते हैं तो इस तरह की तस्वीर आप अपने हाथों पर बना सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में खासकर हल्के हाथों के दबाव से शेडिंग की जाती है। साथ ही इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आपको काफी बारीकी से डिजाइन को समझना बेहद जरूरी होता है। अगर आप मिनिमल डिजाइन की मेहंदी हाथों की उंगलियों पर लगाना चाहती हैं तो इस तरह का रिंग मेहंदी डिजाइन आपके हाथों पर बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप बारीक साज वाली रिंग मेहंदी के पैटर्न को ही चुनें।



वहीं अगर आप मॉडर्न डिजाइन वाली मेहंदी को करवाचौथ के लिए हाथों लगाने का सोच रही हैं तो इस तरीके से हाथों की हर उंगली के साइड पर इस तरह से छोटे साइज की पत्तियां बना सकती हैं। आप चाहे तो पत्तियों के साथ-साथ छोटे साइज के फूल भी हाथों पर बना सकती हैं।

## पुरुषों के लिए वैक्सिंग टिप्स को जानना बेहद जरूरी




फैशन

सबसे पहले तो ये बात याद रखिए कि अपने शरीर से बालों को हटाने के नए तरीके तलाशना कोई अपराध नहीं है। अगर आप चाहते हैं कि वैक्सिंग के समय आपको दर्द कम हो और प्रोसेस आसान हो, तो किसी प्रोफेशनल से वैक्स कराना सुनिश्चित करें।

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है।





आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है। यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें।

रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं।

आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।

हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें।

## रूटीन में शामिल करें खुबानी का तेल, है बड़े काम का



स्किन केयर रूटीन में तेल का इस्तेमाल करना बेहद आम है। अमूमन हम कई तरह के तेलों को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन अगर आप एक लाइट ऑयल की मदद से अपनी स्किन की देखभाल करना चाहती हैं तो ऐसे में खुबानी के तेल को इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे पहले अपना चेहरा धो लो। अब अपने खुबानी के तेल की 2-3 बूंदों को स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। आप हर दिन इसे रात को सोने से पहले लगाएं। स्किन की केयर करने के लिए बाजार से फेस सीरम लाने की जरूरत नहीं है। आप खुबानी के तेल को बतौर फेस सीरम अप्लाई करें।

फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले खुबानी का तेल व लैवेंडर ऑयल मिक्स करें। अब इसे अपनी स्किन प्रॉब्लम्स जैसे फाइन लाइन्स, अनइवन स्किन टोन आदि को दूर करने के लिए फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से स्किन की मसाज करें। अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए आप खुबानी के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकती हैं।

## पुरुषों को ज्वेलरी पहनने का है शौक तो ऐसी गलतियां कभी मत कीजिए

आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी।

लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ।

ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें।



आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो। क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं।

### कार्नर न्यूज

### विशेषज्ञों की निगरानी में किया जाता है मेडिफेशियल

## स्किन केयर के लिए अपनाएं मेडिफेशियल अब आसानी से उपचार होगा डेड स्किन का

*मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।*



### आम फेशियल से कितना अलग

सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।

### इफेक्ट नहीं



मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

कई समस्याओं में कारगर

मेडी फेशियल ड्राई और लूज स्किन जैसी कई समस्याओं के उपचार में कारगर है। इसे कराने से त्वचा जवान, चमकदार, मुलायम और कोमल हो जाती है। यह तनाव कम करने में भी सहायक है।

### त्वचा के लिए सुरक्षित

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मीना कहती हैं, मेडी फेशियल त्वचा रोग विशेषज्ञ की देखरेख में किया जाना चाहिए। यह स्किन फ्रेंडली और लॉन्ग लास्टिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करके किया जाता है,।